## एक नजर

### बुजुर्ग का शव यात्री शेड में मिला, शिनाख्त नहीं

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कई माह से रामलीला मैदान के पास भटकते देखे गए एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव रामलीला मैदान के सामने बने यात्री शेड में बेंच पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह रामलीला रोड पर 60 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक के मानसिक मंदित होने की जानकारी मिल रही है। फिलहाल शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मनरेगा मजदूरों को नहीं मिला पारिश्रमिक

**बिलसंडा** : ग्राम पंचायत करेली में डेढ़ वर्ष पूर्व जिन मनरेगा मजदूरों ने काम किया उन्हें आज तक पारिश्रमिक ही नहीं मिला। इससे परेशान मजदूरों ने शुक्रवार को बीडीओ अमित कुमार शुक्ला से मिलकर शिकायत की। इस दौरान अपना भुगतान दिलाने की मांग की गई। मुलाकात करने वालों में वेद प्रकाश सिंह ,राम प्रकाश सिंह, धर्मपाल सिंह समेत पांच श्रमिक थे।

### दरोगा पर मारपीट का आरोप, सीओ से शिकायत

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : पीलीभीत बरखेड़ा मार्ग पर चलने वाले एक टेंपो चालक ने दरोगा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सीओ बीसलपुर को दिए गए शिकायती पत्र में टेंपो चालक गांव कबूलपुर निवासी धर्मपाल पुत्र दाताराम ने बताया कि वह कस्बा बरखेड़ा में ब्लॉक चौराहे पर टेंपो को लेकर खड़ा था। आरोप है कि इस बीच दरोगा ने आकर मारपीट की। डंडे से किए गए वार से उसके हाथ में चोट आई। आरोप लगाया कि सुविधा शुल्क की मांग की गई। मामले की जांच कराकर दरोगा पर कार्रवाई की मांग की है।

### पुरानी रंजिश में पिता-पुत्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सफौरा के ठाकुरदास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पड़ोसी अशोक कुमार से पुरानी रंजिश है। इसी के चलते 20 अक्टूबर की रात नौ बजे आरोपी अशोक कुमार ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोपी की पुत्री मनीषा देवी, जय देवी भी आ गई। उन्होंने भी लाठी डंडे से पिटाई की। शारे पर जब पुत्र राजेंद्र कुमार बचाने आया तो उसको भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बच्चों को स्कूल में मिलेगी मूंगफली पट्टी

## सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन योजना के तहत शासन ने जारी किया फरमान, स्वपोषित पर जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन ने मूंगफली पट्टी, भुने चने वितरण के लिए जारी किया बजट गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश

**अमृत विचारः** पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को पूरक पोषक तत्व दिए जाएंगे। बच्चों को प्रत्येक बृहस्पतिवार को मूंगफली पट्टी दी जाएगी। इसके लिए शासन से बजट निर्धारित कर दिया गया है। योजना नवंबर माह से आरंभ होगी जो मार्च तक चलेगी। इसे लेकर कार्ययोजना तैयार कर दी गई है।

जिले में परिषदीय विद्यालयों की संख्या 1508 हैं। जिसमें 291 कंपोजिट, 928 प्राथमिक और 280 उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। इसके अलावा नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। इनमें 18 स्कूलों का संचालन नगरीय क्षेत्र में किया जा रहा है। इन सभी स्कूलों में करीब दो लाख से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहां पढ़ने वाले नौनिहालों को शिक्षित करने के साथ स्वपोषित पर भी जोर दिया जा रहा है। इसको लेकर दशकों पहले मिड-डे मील योजना शुरु की गई थी। सर्दी का मौसम शुरु होते ही बच्चों को ठंड से बचाने के लिए मूंगफली की चिक्की, गुड़, तिल और मूंगफली की पट्टी, रामदाना का लड्डू या बाजरे का लड्डू खाने को दिया जाएगा। इसके अलावा 50 ग्राम भुने हुए चने वितरण का भी प्रावधान है। यह योजना नवंबर माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार के दिन शिक्षण कार्य शुरु होने से पहले वितरित की जाएगी। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि यह योजना नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक वितरण की जाएगी। अगर, बृहस्पतिवार को अवकाश है तो अगले दिन वितरित किया जाएगा। इसको सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन का नाम दिया गया है।

> शासन के निर्देश पर सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन योजना के तहत परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब मिड डे मील के अलावा मूंगफली की चिक्की, गुड़, तिल, मूंगफली की पट्टी, रामदाना का लड्डू और भुने चना वितरण का आदेश जारी हुआ है। इसके लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है। जो स्कूलों के खाते में भेजा जाएगा। इसके लिए सभी को सूचित कर दिया गया है। इसका पालन कराया जाएगा।
>
> – **अमित कुमार** सिंह, बीएसए

### 20 ग्राम मूंगफली की पट्टी, 50 ग्राम मिलेगा चना

परिषदीय विद्यालयों के मिड डे मील में मिठास घोलने के लिए शासन ने मूंगफली की पट्टी, गुड़, तिल, रामदाना का लड्डू और भुने हुए चने वितरण करने का आदेश जारी किया है। इसके लिए क्षमता भी निर्धारित कर दी गई है। प्रत्येक बच्चे को 50 ग्राम भुना चना और 20 ग्राम में मूंगफली की पट्टी और रामदाना का लड्डू दिया जाएगा। इतना ही नहीं प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वह माल की गुणवत्ता से समझौता न करें। इसके लिए एमडीएम की टीम स्कूलों में औचक निरीक्षण भी करेगी। अगर कमी मिली तो कार्रवाई तय होगी।

### पांच रुपये प्रति छात्र के हिसाब से जारी हुआ बजट

सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के तहत अतिरिक्त खाद्य सामग्री के लिए शासन की ओर से नवंबर माह के लिए 23 लाख 92 हजार 880 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। यह फंड स्कूलों के खाते में भेजा जाएगा। जिससे प्रधानाध्यापक इंचार्ज बाजार से क्रय करेंगे। शासन ने प्रत्येक बच्चे के लिए पांच रुपये प्रति दर से दिया गया है। अब विभाग के द्वारा 1508 स्कूलों में पंजीकृत बच्चों की संख्या के आधार पर स्कूलों के खाते में हस्तांरित कर दिया गया। बजट आने के बाद प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। सभी बीईओ के माध्यम से स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सूचित कर दिया गया है।

## पहले लगाया लूट का आरोप, फिर कर ली सुलह

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कोतवाली दियोरियाकला क्षेत्र के गांव बेनीपुर के रहने वाले प्रेमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह पीलीभीत से काम निपटाकर घर जा रहे थे। गांव पैनिया रामकिशन में शराब भट्टी के पास आधा दर्जन लोग मिले, जिसमें से वह तीन को पहचानते थे। नशे में धुत आरोपियों ने बाइक रोककर गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि उसका ड्राइविंग लाइसेंस, लैपटॉप और 10200 रुपये लूट लिए। शोर पर जमा हुए अन्य ग्रामीणों ने बचाया। कुछ ही दूरी पर बेनीपुर पुलिस चौकी थी। वहां पर जाकर शिकायत की तो संबंधित चौकी पुलिस ने घटनास्थल बरखेड़ा क्षेत्र का बताकर टाल दिया। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि दूसरे पक्ष को बुलाकर जांच की गई थी। दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों ने आपस में सुलह कर कार्रवाई से इन्कार कर दिया।

# भाकियू ने सौंपा नायब तहसीलदार को ज्ञापन



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार रमेश चंद्र को सौंपा। धरना प्रदर्शन की अगुवाई तहसील अध्यक्ष रामगोपाल प्रजापति ने की। एक सप्ताह में समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

भाकियू भानु जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि अमरिया तहसील स्तर पर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। पूर्व में दिए गए ज्ञापनों का समस्त विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद भी कोई उचित समाधान नहीं किया गया। पात्रों को शासन की योजनाओं का लाभ जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते नहीं मिल पा रहा। प्रधानमंत्री आवास, शौचालय समेत कई योजनाओं में सचिव व ग्राम प्रधान बंदरबाट कर रहे हैं। इसका लाभ अपात्रों को दिलाया जा रहा है। गन्ने का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में घटतौली रोकने के लिए अभी से सख्त इंतजाम करने की मांग की गई। तहसील क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर होने की बात कहते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। इसके अलावा भी कई मांगे रखी गई।

# पैमाइश के बाद दिए फसल काटने के निर्देश



राजस्व टीम के साथ पैमाइश करने पहुंचे एसडीएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत बिरहनी के मजरा भरा पचपेड़ा में स्थित काफी जमीन पर धान की फसल खड़ी है। इस जमीन को यूपीसीडा की बताते हुए एसडीएम अमरिया मयंक गोस्वामी ने बीते दिनों फसल न काटने के निर्देश दिए थे।

जमीन के कुछ हिस्से में मुख्तयार अहमद भी खेती कर रहे थे। उनकी ओर से गाटा संख्या 68 व 69 पर खड़ी धान की फसल का उच्च न्यायालय का अस्थाई स्थगन आदेश लाया गया। जिसके बाद शुक्रवार को एसडीएम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संबंधित जमीन की पैमाइश कराई गई। जिसके बाद तीन हिस्सों में स्टे वाली जमीन से संबंधित करीब 23 एकड़ पर खड़ी फसल को मुख्तयार अहमद को काटने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर लेखपाल विनय गंगवार, योगेंद्र देव शर्मा, जगदीश सिंह राजपूत, अमित कुमार सिंह, ग्राम पंचायत हरदासपुर कोलारा के पूर्व ग्राम प्रधान बलजीत सिंह मौजूद रहे।

## बच्चों ने भ्रमण कर देखी चीनी मिल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत बेसिक विद्यालय के बच्चों ने भ्रमण यात्रा के तहत चीनी मिल पहुंचकर चीनी तैयार करने की मैकेनिक जनकारियां ली। शुक्रवार को बच्चों का एक्सपोज़र विजिट के लिए एक बस को खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.हर्षित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस बच्चों को लेकर सहकारी चीनी मिल पहुंची। बच्चों ने चीनी मिल पहुंचकर मशीनों से गन्ने की पेराई करने से लेकर चीनी तैयार करने तक की गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर मिल के उपसभापति नरेश चन्द्र शर्मा, प्रधान प्रबंधक हरिकृष्ण गुप्ता,सीसीओ अवधेश कुमार,इंजीनियर संकेत शर्मा ने बच्चों को कॉपी पेन देकर हौसला बढ़ाया। इसकी अगुवाई खंड शिक्षाधिकारी हर्षित शर्मा कर रहे थे। इसमें एआरपी मुईन अहमद खां, दिवाकर बाजपेई, हितेश शर्मा, मुश्ताक़ अहमद, राजकुमार, तुषार अरोरा,निराजना त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

# बच्चों को निपुण बनाने में सहयोग करें शिक्षक



पुरस्कृत किए गए बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार



बच्चों के लगाए स्टॉल देखते बीएसए अमित कुमार सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक बरात घर में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित
- बीएसए ने शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**अमृत विचारः** मरौरी ब्लॉक के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सभासद, स्थानीय निकाय जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को गौहनिया चौराहा के पास एक बरातघर में हुई। इसमें बीएसए ने कहा कि शिखक व जनप्रतिनिधि बच्चों को निपुण बनाने में सहयोग करें।

मुख्य अतिथि बीएसए अमित कुमार सिंह ने कहा कि शासन ने बेसिक शिक्षा के उत्थान के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। इसका लाभ बच्चों को लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपने क्षेत्र में आने वाले स्कूलों के बच्चों को निपुण बनाने में सहयोग दें। इसी वर्ष सभी बच्चों को निपुण बनाना है। बीएसए के अलावा खंड शिक्षाधिकारी शिव शंकर मौर्य, सुनील कुमार सिंह ने कंपोजिट स्कूल सिरसा के शैलेंद्र, सैदपुर की सुहानी, रामनगर खरोसा की रूपाली, मेथी की राजकुमारी, चाट टांग के मयंक, दियोरा की सुरभि, कैंम के आदर्श, अमीन नगर के गजेंद्र, इकघरा की काजल, मानपुर की रश्मि सहित कई स्कूली बच्चों को निपुण पट्टिका पहनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीएलएम, मॉडल के स्टॉल लगाने वाले शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। बच्चों ने टीचर लर्निंग मैटेरियल के स्टॉल लगाए। बीएसए ने स्कूली बच्चों से सवाल जवाब कर तैयार किए गए मॉडल को परखा। नीरजा शुक्ला, सैयदा की टीम ने बेहतर रंगोली सजाई। इस मौके पर एआरपी हफीज अहमद, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, केके सागर, देवेंद्र कन्हैया, प्रेमपाल,अजय कुमार, गीता रानी, राजीव त्रिवेदी, मोहम्मद जमशेद, पुष्पा मिश्रा, अन्नपूर्णा विश्वकर्मा, परिणीता सिन्हा, गुणवत्ता समन्वयक मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# देश आगे बढ़ाना है तो नारी को सशक्त बनाना है

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- स्प्रिंगडेल कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर हुई स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में मिशन शक्ति फेज 05 के तहत शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यकारी निर्देशक डॉ. हेमन्त जगोता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण समय की मांग है। राष्ट्र के विकास में भागीदारी और भूमिका सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक आदि क्षेत्रों में उनके सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता अनुभव की जा रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ उनके आर्थिक निर्णयों, आय, सम्पत्ति और दूसरी वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता से है। इन सुविधाओं को पाकर ही वह अपने सामाजिक स्तर को ऊंचा कर सकती है। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक स्थिति में संतोषजनक सुधार लाना है तो उनको शिक्षा रोजगार और आर्थिक प्रगति में बराबर के अवसर प्रदान करने होंगें।

प्रतियोगिता में माधुरी, पिंकी, वर्षा, शुभम, अनिल, कशिश, सदफ, अंजलि, प्रियंका, तुलसी, कृ तिका, श्रेया, नैन्सी सिंह, दिव्यांशी, अनुष्का, सहरनुमा, हदिका, प्राची, काजल, काव्या, मोहम्मद फरहान, देव शुक्ला आदि ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रमुख स्लोगन देश को आगे बढ़ाना है तो नारी को सशक्त बनाना है..। मैं अबला नादान नहीं दबी हुई पहचान नहीं आदि रहे। प्रतियोगिता में अनिल कुमार प्रथम, कशिश बी द्वितीय और मानसी सक्सेना तृतीय रही। इस मौके पर डॉ. अतुल कुमार मिश्र, शिव शंकर, शाहिद खान, डॉ. कृष्णा शर्मा, डॉ. सुमन जौहरी, अंग्रेज कौर, श्रद्धा सिंह, संगीता गंगवार, अनन्या सक्सेना, आदि मौजूद रहे।

## पांच बच्चों के बनाए दिव्यांग प्रमाण पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पीएम श्री योजना के तहत बीसलपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों का मेडिकल असेसमेंट कैंप लगाया गया। बीआरसी केंद्र पर दिव्यांग बच्चे सुबह से ही अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। बच्चों का पंजीकरण किया गया। उसके बाद परीक्षण हुआ। पांच बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक राकेश पटेल की देखरेख में आयोजित कैंप में डा. संजीव कुमार चावला, सचिन कुमार प्रजापति ने बच्चों को प्रमाण पत्र जारी किए। इस मौके पर स्पेशल एजुकेटर अनिल कुमार सोनकर, सीताराम, मुकेश सुरेन्द्र कुमार, आलोक कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी हर्षित कुमार शर्मा ,जिला समन्वयक राकेश कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

# 14 महीने से रोजगार सेवकों को नहीं मिला मानदेय, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा बीडीओ को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

- पिछले वित्तीय वर्ष का चार महीने का मानदेय बकाया

**अमृत विचारः** दिवाली के नजदीक आने पर भी रोजगार सेवकों के घर खुशियों से रोशन नहीं हो सके हैं। उन्हें 14 महीने से मानदेय ही नहीं मिला। इससे परेशान रोजगार सेवकों ने बीडीओ को ज्ञापन देकर तत्काल मानदेय दिलाने की मांग की है।

रोजगार सेवकों के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गंगवार की अगुवाई में रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी अमित कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में चार महीने और चालू वित्तीय वर्ष में आठ महीने से मानदेय ही नहीं मिला। जिसकी वजह से उनके समक्ष परिवार को भरण पोषण में जहां कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, वहीं घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज में डूबना पड़ रहा है। रोजगार सेवकों ने दीपावली से पहले मानदेय का भुगतान किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हरिप्रसाद गंगवार, आशिक अली, दीपक कुमार, राम अवतार ,वेद प्रकाश, सतेंद्र गंगवार, प्रवेश सिंह, आदित्य कुमार ,वीरेंद्र पाल गंगवार ,महेंद्र पाल, निरीह सिंह, रामवीर ,अमरेश मिश्रा, हेतराम, राजेंद्र कुमार ,कृष्णपाल, दीनदयाल ,शिवानी तोमर, महेंद्र पाल, रश्मि, भूरेलाल आदि थे।

# ग्रुप प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर पर ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रथम

संवाददाता, बीसलपुर



प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- डायट में हुईं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं

**अमृत विचारः** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय लिखित परीक्षा, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, रैपिड फायर और बजर राउंड प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शुरुआत डायट प्राचार्य महेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कराई। गणित की लिखित प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में दर्शिता चौधरी ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय, मानु देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में प्रवीण प्रथम,अंशू द्वितीय और अमित तृतीय रहे। उच्च प्राथमिक स्तर के बालिका वर्ग में रजनी देवी प्रथम, अनामिका द्वितीय, महिमा कश्यप, अर्पिता कुशवाहा व महिमा देवी तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में प्रियांशु प्रथम, सौरभ द्वितीय, मनोज पाल तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर पर ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रथम, मरौरी ब्लॉक द्वितीय और पूरनपुर ब्लॉक तृतीय स्थान पर रहा। उच्च प्राथमिक स्तर पर बरखेड़ा ब्लाक प्रथम, बिलसंडा व अमरिया ब्लॉक द्वितीय और मरौरी ब्लॉक तृतीय स्थान पर रहा। प्राचार्य ने विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिए। इस मौके पर डायट प्रवक्ता नीलेश नाथ, सरस्वती शिशु विहार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रभात सक्सेना, पुलकित शर्मा, विजय कुमार, स्वदेश कुमार, मंजू लता, स्मिता लोधी आदि मौजूद रहे।

# विकास से महरूम ग्राम पंचायतों में शीघ्र कराए जाएंगे काम

संवाददाता, बिलसंडा



क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक को संबोधित करते बीडीओ अमित कुमार शुक्ला।

- योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधि दिखाएं रूचि
- बोर्ड की बैठक में गोवंश को आश्रय देने पर दिया जोर

**अमृत विचारः** ब्लॉक परिसर स्थित अटल सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों की ओर से चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। हालांकि सर्वाधिक जोर छुट्टा गोवंशीय को आश्रय देने पर रहा।

ब्लॉक प्रमुख गीता देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीडीओ अमित कुमार शुक्ला ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानों से कहा कि जिन लाभार्थियों ने इस योजना के लिए आवेदन कर रखा है, उन्हें पोर्टल पर तत्काल अपडेट करें। ताकि उनको संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि जो लोग गोवंश को पालना चाहते हैं, वह आसानी से गोवंश ले सकते हैं। अभी तक करीब 800 से अधिक गोवंश पशुपालकों को अभियान के तहत सौंपे गए हैं। 50 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन के हिसाब से सरकार की ओर से भुगतान भी किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी दी। कहा कि इस योजना से लाभान्वित होने वाले पात्र 12 नवंबर से पूर्व ऑनलाइन आवेदन करा दें। एडीओ पंचायत हरिश्चंद्र भारती ने आरआरसी सेंटर का उपयोग करने पर जोर दिया।

कहा कि सभी ग्राम पंचायतें इसमें सहभागिता करें। ताकि उनका गांव निर्मल हो सके। उन्होंने पंचायत भवनों में अभी तक बिजली कनेक्शन न कराए जाने पर नाराजगी जताई। पशु चिकित्सा अधिकारी जगदेव सिंह ने पशुओं में फैल रहे खुरपका एवं मुंहपका बीमारी से निजात पाने के लिए तत्काल निशुल्क टीकाकरण कराए जाने के निर्देश दिए। एडीओ आईएसबी पंकज शर्मा ने विभागीय जानकारी दी।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि सर्पदंश की दवा भी उपलब्ध है, बिना विलंब किए उपचार कराएं। सदस्यों की ओर से रखे गए विकास कार्यों को अनुपूरक कार्य योजना में शामिल किए जाने का आश्वासन दिया गया। संचालन जेआरईडी सालिगराम ने किया। बैठक में सिंगरौली के प्रधान राजेश सिंह को बीसलपुर किसान गन्ना सहकारी समिति का सभापति चुने जाने पर सम्मानित भी किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर महीप सिंह चंदेल, प्रधान संगठन अध्यक्ष सचिन गंगवार,प्रधान संजीव गंगवार आदि मौजूद रहे।

### योजनाओं का लाभ दिलाकर करें गरीबों का भला

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता कुंवर महेश सिंह चंदेल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का समुचित तरीके से प्रचार प्रसार न होने की वजह से वास्तविक पात्रों को लाभ नहीं मिल पा रहा है ,लिहाजा प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का यह दायित्व बनता है, कि वह प्रत्येक योजना का अपनी ग्राम पंचायत में पात्रों को लाभ दिलाने का यथोचित प्रयास करें,ताकि गरीबों का भला हो सके। उन्होंने सदस्यों को अवगत कराया कि चालू वित्तीय वर्ष की कार्य योजना तैयार हो गई है। जिसके तहत शीघ्र ही गांव में विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने प्रत्येक कार्य की जानकारी देते हुए सदन को यह भी बताया कि जो ग्राम पंचायत विकास कार्यों से वंचित रह गई हैं, उन्हें अनुपूरक कार्य योजना में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### गोलीकांड के आरोपी को नहीं पकड़ सकी पुलिस

**पूरनपुर।** मजदूरी को लेकर हुए विवाद के बाद युवक को गोली मारने वाला आरोपी दूसरे दिन भी पुलिस पकड़ से दूर है। कई बार दबिश देने के बाद भी उसकी धरपकड़ नहीं हो सकी। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति के रहने वाले गुरपिंदर पुत्र तरसेम सिंह का पड़ोसी संदीप सिंह उर्फ टोनी से विवाद हो गया था। इसके बाद संदीप ने गुरपिंदर सिंह के घर में घुसकर तमंचे से गोली मार दी थी। इससे गुरपिंदर गंभीर रुप से घायल हो गए थे। पुलिस ने गुरपिंदर सिंह के भाई रनजीत सिंह की ओर से संदीप सिंह पुत्र रसाल सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

### सड़क हादसे में प्रधान पति समेत दो लोग घायल

**बिलसंडा, अमृत विचार :** रौतापुर मझिगवां मार्ग पर शुक्रवार देर शाम दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसा शुक्रवार शाम हुआ। ग्राम पंचायत रौतापुर के प्रधान पति बंटी सक्सेना पुत्र अशोक सक्सेना मझिगवां नहर मार्ग से होकर अपने घर लौट रहे थे। रौतापुर की ओर से गांव मझिगवां निवासी जमुना प्रसाद भी बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। रास्ते में लंगड़े बाबा देव स्थल के सामने दोनों बाइक टकरा गई। हादसे में प्रधान पति गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बरेली के निजी अस्पताल भर्ती कराया है।

### दंपती ने महिला पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** नगर की रामनगर कॉलोनी की रहने वाली कुसुम देवी पत्नी बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आठ अक्टूबर की सुबह पति के साथ टहलने जा रही थी। रास्ते में बिलसंडा मार्ग पर सरकारी आवासों के सामने लाल बहादुर, उनकी पत्नी माया देवी ने शिशु विहार जाने वाले रास्ते पर घेर लिया और लाठी डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### हादसे में महिला घायल

**पूरनपुर :** थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा की रहने वाली नीलम पत्नी वेदप्रकाश अपने बेटे रिंकू के साथ शुक्रवार को बाइक से पूरनपुर आर रही थी। गांव अजीतपुर बिल्हा के पास पीछे से आ रही कंबाइन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर बैठी नीलम देवी घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया।

# राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष के गोदाम पर छापा

## 50 हजार क्विंटल से अधिक धान का अवैध स्टॉक मिला, मंडी सचिव बोले- लाइसेंस होगा निलंबित, वसूला जाएगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** तमाम सख्ती के बावजूद राइस मिल मालिक धान की सीधी खरीद कर मंडी शुल्क की चोरी कर रहे हैं। इसका खुलासा मंडी सचिव द्वारा की गई छापेमारी के दौरान हुआ। छापामारी के दौरान एक राइस मिल के गोदाम में 50 हजार क्विंटल से अधिक धान का अवैध स्टॉक पाया गया। यह गोदाम राइस मिल एसोसिएशन के शहर अध्यक्ष का बताया जा रहा है। मंडी सचिव के मुताबिक संबंधित राइस मिल मालिक से जुर्माना वसूलने के साथ लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में चल रही धान खरीद में बड़े पैमाने पर खेल शुरू हो गया। सरकारी क्रय केंद्रों पर नमी बताकर किसानों को टकराया जा रहा है। वहीं, राइस मिल संचालक किसानों के धान की फसल में अधिक नमी बताकर औने-पौने दामों में खरीदकर स्टॉक करने में जुट गए हैं। किसानों से सीधी खरीद कर मंडी शुल्क की बड़े पैमाने पर चोरी की जा रही है। बताते हैं कि अवैध स्टॉक किया गया धान साठगांठ से सरकारी खरीद में खपा दिया जाता है। यह स्थिति तब है जब अवैध भंडारण को लेकर मंडी की टीमें लगातार छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे मंडी सचिव सुभाष बाबू ने टीम के साथ बीसलपुर रोड स्थित श्री साईंनाथ राइस इंडस्ट्रीज पर छापेमारी की। टीम को मिल के गोदाम में धान का बड़ा स्टॉक मिला। इस पर मंडी सचिव ने धान खरीद से संबंधित अभिलेख तलब किए। बताते हैं कि राइस मिल संचालक पंकज अग्रवाल धान खरीद से जुड़े कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। मंडी प्रशासन की छापेमारी से हड़कंप मच गया। मंडी सचिव के मुताबिक श्री साईंनाथ राइस इंडस्ट्रीज के गोदाम में छापेमारी के दौरान 50 हजार क्विंटल से अधिक धान का अवैध स्टॉक पाया गया है। मंडी प्रशासन द्वारा इस मामले में राइस मिल संचालक से जुर्माना वसूलने के साथ लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। टीम में मंडी निरीक्षक जहीर अहमद, प्रमोद सिंह, निखिल कुमार आदि शामिल रहे।



राइस मिल के गोदाम में मिले धान के बारे में जानकारी लेते मंडी सचिव सुभाष बाबू।

### अवैध स्टॉक को लेकर मिलों पर होगी छापेमारी

राइस मिल संचालकों द्वारा की जा रही धान खरीद का मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासन भी खासा चौकस हुआ है। शुक्रवार को एक राइस मिल के गोदाम में धान का बड़ा अवैध स्टॉक मिलने के बाद अफसर भी सकते हैं। इधर मंडी सभापति/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि सीधी खरीद का मामला संज्ञान में आया है। मंडी द्वारा राइस मिलों में अवैध भंडारण को लेकर छापेमारी की जाएगी। अवैध स्टॉक करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

राइस मिलों में धान के अवैध भंडारण को लेकर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। श्री साईनाथ राइस इंडस्ट्रीज पर 50 हजार क्विंटल से अधिक धान का अवैध स्टॉक मिला है। इस मामले में जुर्माना वसूलने के साथ लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई है। रिपोर्ट मंडी सभापति को भेजी जा रही है। – सुभाष बाबू, मंडी सचिव

शुक्रवार सुबह मिल पर मंडी समिति की टीम पहुंचने की जानकारी मुझे मिली थी। अवैध स्टॉक के बारे में जानकारी अभी फिलहाल नहीं है। मिल पहुंचकर इसके बारे में जानकारी कर ही बताया जा सकेगा। – पंकज अग्रवाल, शहर अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन

# बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के दोषी को 10 साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत



- अदालत ने 51 हजार रुपये जुर्माना भी डाला
- दो साल पहले बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई थी वारदात

**अमृत विचारः** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम) गीता सिंह ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के बिहारीपुर कुमरिखा गांव निवासी आरोपी पप्पू पुत्र वेदपाल को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 51 हजार रुपये का जुर्माना जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की सम्पूर्ण धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़िता देने देने का आदेश है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार शर्मा ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोतवाली बीसलपुर में एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार तीन अप्रैल 2022 की शाम वह अपने परिवार के साथ मंदिर गए थे। मंदिर में भजन कीर्तन हो रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे मंदिर के पीछे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। तभी वह मौके पर पहुंचा तो उसने अपनी चार साल की बच्ची के साथ एक व्यक्ति को देखा। आरोपी बच्ची को नग्न कर उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। उसने अन्य ग्रामीणों की मदद से आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया और नाम पता पूछने के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पप्पू को जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद आरोपी पप्पू के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (बलात्कार एवं पॉक्सो एक्ट) गीता सिंह की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने एवं पत्रावली का परिशीलन करने के बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का दोषी पाते हुए आरोपी पप्पू को सजा सुनाई।

# एडीएम को तय मानक से अधिक मिला खनन, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एडीएम न्यायिक ने मौके पर जाकर पकड़ा खेल
- मानक को दरकिनार कर उठाई जा रही थी मिट्टी

**अमृत विचारः** तय मानक से अधिक खनन करने की शिकायत एडीएम न्यायिक/नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। मौके पर तय मानक से अधिक खनन होता पाया गया। इस मामले में खनन करने वाली फर्म को नोटिस जारी किया गया है।

जिले में इन दिनों खनन के नाम पर जमकर खेल किया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने पर एडीएम न्यायिक/नोडल अधिकारी खनन अजीत परेश ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। इसके साथ ही एडीएम न्यायिक स्वयं भी मौके पर पहुंचकर सत्यापन कर रहे हैं। इधर शुक्रवार को एडीएम न्यायिक ने अमरिया क्षेत्र में ऐसे ही एक मामले में मौके पर पहुंचकर जांच की।

उन्हें खनन तो अनुमति से होते मिला, लेकिन खनन तय मानक से अधिक घन मीटर में करने का मामला पाया गया। मौके पर 19553 घन मीटर खनन पाया गया। इस पर उन्होंने खासी नाराजगी जताई। इस मामले में खनन करने वाली फर्म को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। साथ ही एडीएम न्यायिक ने खनन अधिकारी सुभाष सिंह से भी रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है।

# आतिशबाजी की दुकान पर छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

### बरेली से आई जीएसटी की टीम ने मारा छापा

- जांच में 2.15 करोड़ से अधिक की खरीद, 1.2 करोड़ की दिखाई बिक्री
- टैक्स में सिर्फ 17 हजार की नगदी जमा, 10 लाख जुर्माना डाला गया

**अमृत विचारः** दीपावली नजदीक आते ही जीएसटी टीम सक्रिय हो गई है। शहर में आतिशबाजी का कारोबार करने वाले पुत्तन आतिशबाज की दुकान पर बरेली से आई तीन सदस्यीय टीम ने छापा मारा। काफी देर चली पड़ताल के दौरान टीम को अनिमिताएं मिली। करोड़ों के स्टॉक की खरीद और बिक्री में हेराफेरी सामने आई। टीम ने कारोबारी पर 10 लाख रुपये का जुर्माना डाला है। साथ ही पिछले बिलों का आकलन कर मामले की पड़ताल की जा रही है। जीएसटी की छापेमारी के बाद अन्य कारोबारियों की भी बेचैनी बढ़ गई है।

मामला गुरुवार देर शाम का है। बरेली जीएसटी कार्यालय से आए डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर वेद प्रकाश शुक्ला और राज्य कर अधिकारी आर बी शर्मा ने टीम के साथ रोडवेज के समीप स्थित पुत्तन आतिशबाज ट्रेडर्स की दुकान पर छापा मारा। जांच में सामने आया कि कारोबारी के द्वारा विगत वर्षो में करीब 2.15 करोड़ से अधिक के पटाखों की खरीद दिखाते हुए मात्र 1.2 करोड़ की बिक्री दिखाई है। जिसके एवज मे मात्र 17 हजार रुपये कर नकद में जमा किया है। अन्य को आईटीसी से किया गया था। जांच में जीएसटी की ओर से जारी किए गए प्रेस नोट के अनुसार कारोबारी की दुकान से 10 लाख का स्टॉक मौजूद मिला। शेष की बिक्री होना पाया गया, लेकिन इस रकम को पत्रों में घोषित नहीं किया गया। इतना ही नहीं लोकल अपंजीकृत पटाखा निर्माताओं से माल की खरीद करते हुए बिना बिल जारी किए माल की बिक्री होने पाया गया। जोकि कर चोरी के दायरे में आता है। पोर्टल के अनुसार एक करोड़ का स्टॉक गोदाम में होना चाहिए था। मगर मौके पर सिर्फ 10 लाख का ही माल था। प्रथम दृष्यता कर चोरी का मामला सामने आने पर टीम ने कारोबारी पर 10 लाख रुपये का बाउंड जब्त किया है। साथ ही अन्य बिल और कर चोरी का आकलन करने के लिए टीम अपने साथ दुकान का रिकॉर्ड लेकर बरेली लौट गई। छापेमारी से अन्य कारोबारियों में खलबली मची हुई है।

### गैंगस्टर एक्ट में दोषी को ढाई साल की सजा

- स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने सुनाया फैसला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने गैंगस्टर एक्ट में जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव ददूरी निवासी हरिद्वारीलाल पुत्र सीताराम को दोषी पाते हुए ढाई साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार शुक्ल ने की। अभियोजन कथानक अनुसार कोतवाल पूरनपुर सुरेश कुमार सिंह 27 नवम्बर 2020 को शांति व्यवस्था की देखभाल में लगे थे। इसी दौरान पता चला कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुझाखुर्द निवासी उवैद उर्फ उमैद उर्फ उवेद पुत्र ताहिर खां ने एक संगठित गिरोह बना लिया है। इस गिरोह के हरिद्वारीलाल समेत कई सदस्य है। यह गैंग अपने आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए संगठित होकर वाहन चोरी और बिक्री करता है। इस गैंग का जनहित में स्वच्छंद रहना ठीक नहीं है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी हरिद्वारीलाल को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए सजा सुनाई। बता दें कि इस आरोपी की पत्रावली पृथक कर सुनवाई हुई थी।

# बाघों और मानव के सह अस्तित्व पर विद्यार्थियों की जानी राय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में वनों एवं वन्यजीवों के महत्व के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टर्टल सर्वाइवल एलायंस के सदस्यों ने विद्यार्थियों को वन्यजीव एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों और उनके निदान के बारे में बताया।

विद्यालय में शुक्रवार को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में टर्टल सर्वाइवल एलायंस की टीम पहुंची। टर्टल सर्वाइवल एलायंस की डॉ. अरुणिमा सिंह एवं श्रीपर्णा दत्ता ने वनों एवं वन्यजीवों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से बाघों और मानव सह-अस्तित्व पर जागरूकता विषय पर विचार जाने। विद्यार्थियों ने बताया कि यदि मानव भी अपने क्षेत्र में ही अपना जीवन यापन करेंगे तो मनुष्य तथा पशुओं के लिए सामूहिक रूप से जीवन यापन अत्यधिक सरल हो जाएगा। कुछ छात्रों ने कहा कि यदि हम जानवरों की आबादी में दखलंदाजी नहीं करेंगे तो प्रकृति में बाघों और मानव का संतुलन बना रहेगा। विद्यालय प्रबंधक निशांत गोस्वामी का कहना था कि सबसे उन्नत एवं विकसित प्रजाति होने के बाद एक मनुष्य की जिम्मेदारी प्रकृति को संतुलित करने की सबसे अधिक होती है। हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपनी सीमाएं स्वयं तय करें तथा किसी भी दूसरे समुदाय के क्षेत्र में दखल ना दें। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों के बारे में बताया। संचालन विद्यालय की चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी ने बताया। कार्यक्रम में अक्षांशी, नीतू पटेल, सुमित, आयुष गुप्ता, नेहा अगनानी, ज्योति, मीना चौधरी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



बच्चों के साथ मौजूद डीडी व टीएसए के सदस्य। ● अमृत विचार

- शहर के मॉम्स प्राइड स्कूल पहुंची टीएसए टीम

# चार घरों में चोरी के मामले में दो एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** एक रात में दो गांवों के चार घरों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो लोगों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सुरागरसी के दावे तो कर रही है, लेकिन शुक्रवार दूसरे दिन भी चोरों का सुराग नहीं मिल सका।

ग्राम कोकिला और कोकिली में चोरों ने बुधवार रात दस्तक दी थी। एक बंद मकान समेत चार घरों से चोर नकदी -जेवर समेट ले गए थे। क्षेत्र में पूर्व में हुई आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं पहले से ही लंबित चल रही हैं। इधर, चार घरों में हुई वारदात से खलबली मच गई थी। इस मामले में दो गृह स्वामियों की ओर से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि कोकिली गांव निवासी रामदेव और कोकिला गांव निवासी गुड्डी देवी पत्नी केदारनाथ से मिली तहरीर पर अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पीटीआर में बाघ गणना को लेकर ट्रैप कैमरे लगाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ गणना को लेकर ट्रैप कैमरे लगाने का काम तेजी से शुरू हो गया। पहले चरण में होने वाली बाघ गणना को लेकर तीन रेंजों में कैमरे लगाने का काम किया जा रहा है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 72 से अधिक बाघ है। स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा फेज-4 की बाघ गणना कराने का निर्णय लिया गया है। बाघ गणना को लेकर पीटीआर और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा माह भर से तैयारियां की जा रही थी। बाघ गणना के दौरान लगाए जाने वाले ट्रैप कैमरे, टॉर्च, ताला, बैटरी, एसडी कार्ड समेत अन्य संसाधनों जुटाए गए। रेंज कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इधर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार से प्रथम चरण में दियूरिया, माला एवं महोफ रेंज में बाघों की गिनती के लिए ट्रैप कैमरे लगाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया। तीनों रेंज में 201 प्वाइंटों पर 402 ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगें। दो दिन के भीतर कैमरे लगाने के बाद बाघों की गिनती शुरू की जाएगी। प्रथम चरण की बाघ गणना माह भर के भीतर पूरी की जाएगी। इसके बाद शेष बची रेंजों में ट्रैप कैमरे लगाकर बाघ गणना की जाएगी। इस संबंध में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में बाघ गणना को लेकर तीन रेंजों में कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



पीटीआर में ट्रैप कैमरे लगाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

- महीने भर के भीतर तीन रेंजों में पूरी की जाएगी बाघों की गणना

# एक नाव पर निर्भर 17 ग्राम पंचायतों की आबादी

**पूरनपुर, अमृत विचारः** शारदा नदी पर पेंटून पुल न बनाए जाने से नाव ही एक मात्र सहारा है। शारदा पार के सैकड़ों ग्रामीण रोजाना नाव से तहसील मुख्यालय तक आते जाते हैं। नदी पार करने के लिए ग्रामीणों को घंटो इंतजार करना पड़ता है। शारदा नदी का जलस्तर कम हो गया है। इसके बावजूद पेंटून पुल नहीं बनाया गया है। इससे नदी पार के लिए नाव ही एक मात्र सहारा है। धनाराघाट से इस पार आने के लिए एक ही नाव चलाई जा रही है। जबकि शारदा पार दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीण रोजाना नदी के इस पार आते जाते है। धनाराघाट पर नदी पार करने के लिए सैकड़ों लोग एकत्र होते हैं। नाव पर सीमित लोग ही बिठाए जा सकते है। इससे ग्रामीणों को आने जाने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ऐसे में ग्रामीण जल्द से जल्द पुल और वैकल्पिक तौर पर नाव की संख्या बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# एआरटीओ ने चेकिंग के दौरान छह वाहन किए सीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दिवाली को लेकर सड़कों पर उमड़ रही भीड़ की सुरक्षा के दृष्टिगत शुक्रवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की ओर से मुख्य मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान छह वाहन सीज किए गए।

एआरटीओ को चेकिंग के दौरान तीन बसें बिना टैक्स एवं परमिट शर्तों के उल्लंघन में संचालित होती मिलीं, जिन्हें सीज कर दिया गया।

इनमें दो बसें जयपुर से पूरनपुर और पलिया जा रही थीं। वहीं, एक बस जालंधर से खटीमा जा रही थी। इनके अलावा निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाए गए दो माल वाहनों को भी सीज किया गया। इन पर 1.27 लाख रुपये का प्रसमन शुल्क वसूला गया। एक टैक्सी गाड़ी को भी पकड़ा गया। जिसका टैक्स जुलाई 2022 में जमा नहीं था। उसके खिलाफ भी सीज की कार्रवाई की गई। एआरटीओ ने बताया कि वाहनों की चेकिंग की गई है। छह वाहनों को सीज किया गया है।



चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह।

- चेकिंग के दौरान वसूला 1.27 लाख का प्रशमन शुल्क

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। पत्नी ने सड़क हादसे में मौत होने की सूचना पुलिस को दी। युवक की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रही। कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर के रहने वाले प्रेमचंद्र पुत्र बालक राम मजदूरी करते थे। शुक्रवार को प्रेमचंद्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी पार्वती ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि प्रेमचंद्र शुक्रवार दोपहर मछली पकड़ने के लिए गए थे। बंडा रोड पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे प्रेमचंद्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन इधर, गांव में युवक की मौत को लेकर चर्चाएं तेज हो गई। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि मृतक की पत्नी ने सड़क हादसे में प्रेमचंद्र की मौत होने की सूचना दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# प्रशासन की चेतावनी का नहीं दिखा असर, फुटपाथ घेरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर में एक दिन पूर्व प्रशासन के नेतृत्व में चलाए गया अतिक्रमण विरोधी अभियान कुछ घंटे बाद ही बेअसर दिखाई दिया। शुक्रवार को शहर की सड़कों पर एक बार फिर दुकानें सजीं दिखाई दीं। कुछ स्थानों पर तो आधी-आधी सड़क पर सामान फैला था।

करीब ढाई लाख की आबादी वाला शहर अतिक्रमण के शिकंजे में फंसा हुआ है। शहर की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए पूर्व में कई बार तैयारी की गई, लेकिन किसी न किसी न कारण से अतिक्रमण विरोधी अभियान टलता रहा। इधर बीते गुरुवार शाम को डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर शहर के स्टेशन रोड पर सुनगढ़ी तिराहे से लेकर ड्रमंडगंज चौराहे तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर पटरियों पर रखे सामान को हटवाया गया। कुछ दुकानदारों को कार्रवाई का डर दिखाते हुए सख्त हिदायत भी दी गई। अभियान चलता देख सड़कों के किनारे डेरा जमाए ठेले वाले भाग खड़े हुए। कुछ दुकानदारों का चालान भी किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने नगर पालिका ईओ को दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान खासी खलबली मची रही थी। इधर शुक्रवार को एक दिन पूर्व चला अभियान बेअसर दिखाई दिया। स्टेशन रोड पर सुनगढ़ी तिराहे से ड्रमंडगंज चौराहे तक सड़कों के दोनों ओर अतिक्रमण ही अतिक्रमण देखने को मिला। दुकानों के आगे सड़कों पर सामान रखा दिखाई दिया। फड़ों पर दुकानें सजी दिखाई दीं। सबसे ज्यादा बुरे हालात नीबू मंडी के देखने को मिले।



स्टेशन रोड पर मस्जिद पठानी के पास लगे ठेले और दुकानों के बाहर रखा सामान।


- दूसरे दिन ही धरातल पर पस्त दिखाई दिए प्रशासन के दावे



आर्यसमाज मंदिर के समीप फुटपाथ पर रखा सामान। ● अमृत विचार



विशाल टॉकीज के सामने फुटपाथ पर लगी दुकान। ● अमृत विचार



# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर





डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रात:- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157



डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)



श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ

जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : – दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार

पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : – सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

## बुखार ने तिलहर के व्यापारी की जान ली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मौसम बदलने के साथ बुखार का प्रकोप जारी है। युवा खाद व्यापारी का बुखार से बरेली के निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से घर में कोहराम मच गया। पोटरगंज मंडी निवासी खाद व पेंट के बड़े व्यापारी हरीश गुप्ता के पुत्र शिशिर गुप्ता(21) को 2 दिन पहले बुखार आया था। तिलहर में इलाज के दौरान फायदा नहीं हुआ तो उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार की दोपहर शिशिर गुप्ता का निधन हो गया। दीपावली पर्व से उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि शिशिर को डेंगू हो गया था, जिसके चलते उसका निधन हो गया। इसका पता लगने पर परिवार में कोहराम मच गया।

# साइबर और गूगल से नहीं दिए जा सकते संस्कार

## दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को समापन, अंतिम दिन कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उपाधि महाविद्यालय की ओर से अग्रवाल सभा भवन में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को समापन हो गया। बच्चों के स्वास्थ्य, बौद्धिक और सामाजिक निवेश की आवश्यकता पर बल दिया गया। गोष्ठी में विद्यार्थियों में संस्कार का निवेश परम आवश्यक बताया गया।

दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल चार सत्र आयोजित किए गए। तकनीकी सत्रों में शोध पत्रों का वाचन किया गया। प्रोफेसर अरुण कुमार और सुरेंद्र विक्रम ने अध्यक्षता की। सुरेंद्र विक्रम ने कहा कि निवेश को आर्थिक माना जाता है। बच्चों में निवेश की बात करते हुए संजय गांगुली का उपन्यास माया वन धन धनाधन आया था। जिसमें बच्चों के निवेश की चर्चा की गयी। आज जो स्थितियां बन



अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

गई हैं, उनमें संस्कार सबसे बड़ा निवेश होना चाहिए। साइबर और गूगल की सहायता से संस्कार नहीं दिए जा सकते। आधारभूत निवेश के साथ-साथ उनमें मौलिक निवेश की आवश्यकता है। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार ने कहा कि कि आज की शिक्षा में हम केवल गेट पास दे रहे हैं। 80 प्रतिशत प्रतियोगिता की तैयारी विद्यार्थी को ही करनी पड़ती है। अध्यापक को आत्म चिंतन करने की आवश्यकता है। बच्चों और विद्यार्थियों में निवेश से पूर्व अध्यापकों को अपनी भूमिका और अपने प्रभाव का सही प्रयोग करने की जरुरत है। रूहेलखंड विश्वविद्यालय की प्रबंध विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर तूलिका सक्सेना ने कहा कि निवेश आवश्यक है, इससे बच्चों का परिवेश बदलेगा। नजीबाबाद के प्रोफेसर मनीष गुप्ता ने कहा कि निवेश नैतिक मूल्यों के साथ-साथ उनको अच्छा नागरिक बनाने में सहायक है। उपाधि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.एसके शर्मा ने कहा कि संयुक्त परिवार टूट गए और रिश्ते केवल आंटी और अंकल के रह गए। माता पिता को मॉम और डेड बना दिया गया है। ऐसे में बच्चों में संस्कारों का निवेश किया जाए। कवि सम्मेलन भी कराया गया। जिसमें 20 महाकाव्यों के प्रेणता गिनीज बुक ऑफ बर्ल्ड रिकॉर्डधारी आचार्य देवेंद्र देव ने अध्यक्षता की। इसमें रविंद्र शुक्ला, डॉ.सुरेंद्र विक्रम, डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री, जीतेश राज नक्श, अमित श्रीवास्तव, कुलदीप कल्प, अनिल गंगवार, नूर ए निशा, निष्ठा श्रीवास्तव, गौरव पासवान, अंशिका ने रचना पाठ किया। सरस्वती वंदना डॉ.राखी मिश्रा ने प्रस्तुत की।

### कार्यक्रम में ये किए गए सम्मानित

डॉ.मनीष गुप्ता, डॉ.परिमल कुमार, डॉ.नितेश गुप्ता, वर्षा सक्सेना, तूलिका सक्सेना, राजीव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राजेंद्र कुमार, पूनम चंद्रा, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ.कृष्णा भारती, राजेंद्र च्यवन, रजनीश कुमार, डॉ.दीपिका गुप्ता, डॉ.पल्लवी, राजेंद्र अग्रवाल, अल्पना सक्सेना, राहुल कुमार, डॉ.विभव सक्सेना, विनीत अग्रवाल सीए, प्रोफेसर अंग्रेज सिंह, मुदित अग्रवाल सीए, विनय गुप्ता, डॉ.एसके शर्मा, डॉ.राजकुमार, जीतेश अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, सजल अग्रवाल, रजत अग्रवाल, एकता अग्रवाल, गौरव कटियार, शिवम प्रताप, संजय अग्रवाल सीए, शिवम अग्रवाल, रफीउल्ला, मुरली मनोहर अग्रवाल, डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री।

## एसडीएम ने कराया इंतजार तो धरने पर बैठे भाकियू जिलाध्यक्ष


धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को समझाते एसडीएम अजीत प्रताप सिंह।

संवाददाता,पूरनपुर

**अमृत विचार** : मंडी में धान क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। कई बार भाकियू कार्यकर्ता अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक निस्तारण नहीं किया गया। भाकियू चढ़ूनी संगठन के कार्यकर्ता तहसील गेट पर धरने पर बैठ गए। जानकारी लगते ही एसडीएम पहुंच गए और कार्यकर्ताओं से वार्ता की। एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

मंडी समिति में धान क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। केंद्रों पर पर्याप्त जगह न मिलने पर किसानों का धान नहीं सूख पा रहा है। पर्याप्त बिजली सप्लाई न मिलने से डस्टर नहीं लग पाता। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन ने एसडीएम सहित कई अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। शुक्रवार को संगठन के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम से मिलने पहुंचे। इंतजार के बाद भी एसडीएम तहसील नहीं आए तो कार्यकर्ता भड़क गए और नारेबाजी करने लगे। जिलाध्यक्ष के साथ तमाम कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। गेट में कुंडी लगा दी गई। जानकारी लगते ही कोतवाल नरेश कुमार त्यागी एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी व मंडी सचिव सर्वेश शुक्ला मौके पर आ गए। रंजीत सिंह ने मंडी में बिजली, पानी और प्रवेश के नाम पर किसानों का शोषण करने का आरोप लगाका हंगामा किया। एसडीएम ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। मंडी सचिव को बिजली सप्लाई के निर्देश दिए। इस पर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान जगविंदर सिंह, अमरीक सिंह, बलराज सिंह, पलविंदर सिंह, संदीप सिंह रहे।

# छोटे भाई को स्कूल भेज फंदे पर लटका श्रमिक

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** छोटे भाई के स्कूल चले जाने के कुछ देर बाद श्रमिक ने घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। भाई के घर पहुंचने पर घटना का पता चला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। बताते हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। जिसे लेकर श्रमिक कई दिनों से परेशान चल रहा था।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पतरसिया के रहने वाले भानु प्रताप (22) पुत्र मुनेंद्र पाल मजदूरी करते थे। आठ साल पहले उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। बहन सपना की 2017 में शादी हो गई। घर में एक छोटा भाई गौरव गांव के स्कूल में हाईस्कूल में पढ़ता है। खपरैलनुमा मकान में दोनों भाई रहते थे। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गौरव स्कूल चला गया। बताते हैं कि उस वक्त तक भानुप्रताप ठीक था, और कमरे में लेटा हुआ था। दोपहर करीब 12 बजे गौरव स्कूल से लौटा तो घर का दरवाजा भीतर से बंद था।

उसके कई बार आवाज देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। गौरव ने रोशनदान से झांककर देखा तो भानुप्रताप का शव प्लास्टिक की रस्सी के बने फंदे से बल्ली के सहारे लटक रहा था। उसने शोर मचाने पर नजदीक में रहने वाले चाचा अशोक कुमार पहुंच गए। फिर कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और बमुश्किल दरवाजा खोला। खपरैल में पहुंचे तो श्रमिक का शव फंदे से लटका हुआ था। किसी तरह की रंजिश और पारिवारिक विवाद से भी सभी ने इन्कार कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी जानकारी की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


घटना के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। • अमृत विचार



- आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने की वजह से चल रहा था परेशान
- बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पतरसिया का मामला

"एक युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला है। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन ने किसी तरह का न तो कोई आरोप लगाया है, न ही तहरीर दी है।
– **मुकेश शुक्ला**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

### गैस चूल्हे पर बन रही थी खिचड़ी

ग्रामीणों का कहना था कि करीब दस बजे भानु प्रताप अपने मकान के आसपास घूमता दिखाई दिया था। मगर किसी से कुछ बोले बिना ही चला गया था। पुलिस जब दरवाजा खोलकर भीतर घुसी तो छोटे सिलेंडर पर खिचड़ी बन रही थी। गैस भी जल रही थी और खिचड़ी खराब हो चुकी थी। यानी फंदा लगाने से पहले भानु प्रताप ने खाना बनाने की तैयारी की थी। भाई की मौत के बाद गौरव का रोकर बुरा हाल रहा। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। बताते हैं कि डेढ़ माह पहले मृतक बनबसा से मजदूरी करके वापस आया था और इसके बाद से घर पर ही परेशान था।

## सेपक टाकरा की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का बरेली में होगा चयन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** 34वीं सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तीन से आठ दिसंबर तक कोलकाता पश्चिम बंगाल में होगी। 27वीं सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप त्रिकालपुर कासरगोड केरल में 22 से 26 दिसंबर तक होगा। जिसके लिए 27 अक्टूबर को साईं सेन्टर बरेली कैन्ट सदर बाजार बरेली में सुबह नौ बजे से ट्रायल किया जाएगा। ओपेन चयन ट्रायल में पहली जनवरी 2010 को या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाडी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी छोटी काशी स्पोर्ट्स गोला सेपक टाकरा एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी तानसिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 34वीं सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की तैयारी शुरू हो गई है।


तानसिंह।

# सराहनीय कार्य करने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति फेस 05 के तहत पुलिस की टीमें पिछले कई दिनों से गांवों में जाकर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक कर रही है। इधर, महिला सशक्तिकरण के इस अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज 05 अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अगुवाई एसपी अविनाश पांडेय ने की। इस दौरान एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम और अभियान को सफल बनाए जाने के लिए कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मान किया गया। महिला दरोगा अन्नु रानी को पुरस्कृत किया गया। ये पुरस्कार उन्हें बरखेड़ा क्षेत्र के एक मामले को लेकर दिया गया। बता दें कि बरखेड़ा क्षेत्र की एक युवती का वीडियो बनाकर व्यक्ति ने इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दिया था। युवती से मिली शिकायत पर आरोपी को थाना बरखेड़ा बुलाकर युवती के फोटो डिलीट कराए गए थे। आईडी बैन कराकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए पीड़िता के चेहरे पर मुस्कान लाई गई थी। इसके अलावा महिला दरोगा सोनी रजौरा और सिपाही प्राची शर्मा को अमरिया क्षेत्र की एक घटना को लेकर पुरस्कृत किया गया। बीते दिनों अमरिया क्षेत्र की एक महिला अपने परिजनों से नाराज होकर खुदकुशी करने के लिए नहर में कूद गई थी। उसकी जान बचाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया। परिवार को भी समझाया गया और वर्तमान में वह परिवार खुशहाल बना हुआ है। महिला सिपाही आशु व आरक्षी प्रभात को न्यूरिया क्षेत्र में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से सराहनीय कार्य सम्पादित करने पर पुरस्कृत किया गया। महिला सिपाही वंदना को बरखेड़ा क्षेत्र के एक प्रकरण में सम्मानित किया गया।


पुरस्कृत की गई महिला पुलिसकर्मियों संग एसपी, एएसपी और प्रशिक्षु सीओ।

- मिशन शक्ति फेज 05 के तहत अच्छा कार्य करने पर सम्मानित हुए कई पुलिसकर्मी

# गड्ढामुक्त अभियान में खेल, सामने आई घपलेबाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला पंचायत सदस्य द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने के बाद जागे जिम्मेदार
- हाथों से उधड़ रही 4.42 लाख से गड्ढा मुक्त की जा रही सड़क, जिला पंचायत ने ठेकेदार को जारी किया नोटिस

**अमृत विचारः** जिला पंचायत के गड्ढामुक्त अभियान में सेंधमारी जारी है। गजरौला क्षेत्र में 4.42 लाख की लागत से गड्ढामुक्त की जा रही सड़क में खेल कर दिया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला पंचायत ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। इससे पूर्व में बीसलपुर क्षेत्र में सड़क को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर घपलेबाजी करने पर एक ठेकेदार को नोटिस दिया गया था।

शासन ने बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का फरमान जारी किया है। जिला पंचायत द्वारा सर्वे कर छह सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। शासन ने सभी छह सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए 58.56 लाख रुपये का बजट जारी किया। बताते हैं कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर ठेकेदार जमकर खेल कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व बीसलपुर क्षेत्र में अपर मुख्य अधिकारी द्वारा गड्ढामुक्त की जा रही सड़क के निरीक्षण के दौरान मानक के अनुरूप काम होते नहीं मिला। जिस पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था।

शुक्रवार को गड्ढा मुक्त की जा रही एक अन्य सड़क का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो मरौरी ब्लॉक की रमनगरिया से महुआ जाने वाली सड़क का होना बताया जा रहा है। इस वीडियो में जिला पंचायत सदस्य अजय प्रधान गड्ढा मुक्त की गई सड़क पर हाथों से बजरी उधेड़ते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जिला पंचायत में खलबली मची गई।

इस मामले में जिला पंचायत द्वारा संबंधित को नोटिस जारी किया गया है। जिला पंचायत के मुताबिक रमनगरिया से महुआ जाने वाली तीन किमी लंबी सड़क को 4.42 लाख की लागत से गड्ढा मुक्त किया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। ठेकेदार देवेंद्र को नोटिस जारी किया गया है।


गड्ढामुक्त की गई सड़क की बजरी को हाथ से उधेड़ते जिला पंचायत सदस्य।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808



सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# यलो स्कीम लागू होते ही संवेदनशील इलाकों में मुस्तैद हो गई पुलिस

## शासन के निर्देश पर शुक्रवार शाम शहर में किया गया मॉकड्रिल, पुलिस प्रशासन के साथ मेडिकल टीम रही मौजूद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बहराइच में हुए दंगे के बाद शासन ने पुलिस प्रशासन को और अलर्ट किया है। इसके तहत शुक्रवार को जनपद भर में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में यलो स्कीम लागू कर मॉकड्रिल किया गया। बीते सालों में हुई सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर चिन्हित संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात करने के साथ ही आपात स्थिति से निपटने की तैयारियां परखी गईं। मातहतों को यलो स्कीम लागू होने के बाद किस तरह से काम करना होता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। अंत में अधिकारियों ने पुलिस के साथ पैदल गश्त की।

जनपद में पूर्व के सालों में कई बार सांप्रदायिक घटनाएं हो चुकी हैं।



मॉकड्रिल के बाद शहर में गश्त करते एसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार



मॉकड्रिल के दौरान यलो स्कीम लागू होते ही संवेदनशील प्वाइंट पर पहुंचे अधिकारी।

कई बार शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर समस्या खड़ी हो चुकी है। बहराइच में हुए बवाल के बाद शासन स्तर से आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में लगातार मॉक ड्रिल के तहत तैयारियों को परखा जा रहा है। बीते शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के बाद पुलिस लाइन परिसर में दंगा नियंत्रण ड्रिल आयोजित कर आंसू गैस के गोले, फायरिंग, लाठी, घायलों को अस्पताल पहुंचाने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई थी। इसके बाद शुक्रवार को दोबारा से मॉक ड्रिल कराई गई। जिसमें पूर्व की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित सांप्रदायिक विवाद वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। इन इलाकों में मॉक ड्रिल के तहत पुलिस फोर्स की तैनाती की गई। शहर के अलावा जहानाबाद, न्यूरिया, अमरिया, पूरनपुर आदि में यलो स्कीम लागू की गई। जनपद भर के फोर्स, प्रशासनिक अधिकारियों, मेडिकल टीम के साथ शाम को रिहर्सल किया गया। इस दौरान तैयारियों को परखा गया। ये भी बताया कि आपात स्थिति में किस तरह से कहां पहुंचना है। सूचना शाखा, रेडियो शाखा को किस तरह से काम करना है। मेडिकल टीम और निजी अस्पतालों को लेकर किस तरह से काम किया जाना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई।

### बीसलपुर में एसडीएम और सीओ ने कराया रिहर्सल



**बीसलपुर।** एसपी के निर्देश पर शुक्रवार शाम को एसडीएम नागेंद्र पांडे, सीओ डॉ.प्रतीक दहिया की अगुवाई में रिहर्सल किया गया। बीसलपुर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला, बरखेड़ा इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला, बिलसंडा एसओ परविंदर सिंह, करेली एसओ सिद्धार्थ उपाध्याय, दियोरिया कोतवाल प्रदीप बिश्नोई पुलिस बल के साथ शामिल हुए। यलो स्कीम लागू होते ही चिन्हित किए प्वाइंटों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। इसके बाद अधिकारी वहां पहुंचे और तैयारियों को परखा। इस दौरान आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

> हर जनपद के लिए दंगा नियंत्रण की योजना होती है। इसमें तीन स्कीम होती हैं। पहली जो तैयारियों पर रहती है। दूसरी यलो स्कीम होती है, जो घटना होने पर या पूर्व में सूचना मिलने पर लागू की जाती है। तीसरी रेड स्कीम स्थिति बिगड़ने पर कर्फ्यू की स्थिति में लागू की जाती है। शुक्रवार को यलो स्कीम लागू कर रिहर्सल किया गया था। बीते दिनों इससे पूर्व तैयारियों को लेकर भी मॉक ड्रिल कराया जा चुका है।
> –**अविनाश पांडेय**, एसपी

## गन्ना कोल्हुओं के धुएं से दूषित हो रही हवा

**मूड़ा सवारान, अमृत विचारः** प्रशासन की ओर से पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन क्षेत्र में चल रहे गन्ना कोल्हुओं की अनदेखी की जा रही है। कोल्हूओं से निकलता काला धुआं वायु प्रदूषण फैला रहा है।

तहसील गोला क्षेत्र के गांव मूड़ा सवारान, बघौडा, सेमरिया, रड़ा देवरिया, नब्बूपुर, बस्तौला आदि ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों गन्ना कोल्हू संचालित हैं, जिनकी चिमनियों से निकलने वाला काला धुआं वायु को प्रदूषित कर रहा है। कोल्हू संचालक गन्ने की खोई की जगह भट्ठियों में अन्य चीजें झोंक कर प्रदूषण फैला रहे हैं। इस काले धुएं से लोगों की आंखों में जलन और खांसी की शिकायत हो रही है। तहसीलदार गोला सुखवीर सिंह ने बताया कि प्रदूषित धुआं निकलने पर प्रतिबंध है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों से वार्ता कर कोल्हू संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बोनस की मांग, धरने पर बैठे बजाज चीनी मिल कर्मी

संवाददाता, पलिया कलां

- शुक्रवार को मिल परिसर में धरना देकर अपनी मांग रखी
- 11.67 प्रतिशत बोनस का भुगतान न किए जाने से नाराज

**अमृत विचार :** बजाज चीनी मिल कर्मचारियों ने 11.67 प्रतिशत बोनस का भुगतान न किए जाने से नाराज होकर मिल की शारदा वर्कर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी निर्भय नारायण सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिल परिसर में धरना देकर अपनी मांग रखी।

बजाज चीनी मिल पलिया के श्रमिक काफी समय से अपने बोनस की मांग कर रहे थे। उन्होंने इस संदर्भ में मिल प्रबंधक सहित श्रम मंत्री उत्तर प्रदेश शासन, श्रम आयुक्त उ प्र,श्रम उपायुक्त, जिला अधिकारी आदि को इस संदर्भ में पहले ही ज्ञापन एवं रिमाइंडर देकर बोनस दिलाए जाने की मांग की थी। जो आज तक पूरी न हो सकने से नाराज हो नारेबाजी कर धरना देकर बैठ गए।

एचआर हेड मोहित अवस्थी ने धरना दे रहे मिल कर्मी निर्भय नारायण सिंह, संजय सिंह यादव, नदीम खान, जय किशन, सत्यपाल, संतोष यादव, रवींद्र, आशीष कुमार, सचिन, बृजपाल यादव आदि को समझाने का प्रयास किया और 29 अक्टूबर तक बोनस दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन मिल कर्मी नहीं माने और धरना जारी रखा।

## वृद्ध की जेब काटी युवक का फोन छीना

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के पश्चिमी दीक्षिताना निवासी वीरेंद्र गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दी कि वह दोपहर अशोक चौराहे के निकट खड़े थे। वहां बाइक पर खड़े एक युवक ने उनसे विकास चौराहा का रास्ता पूछा। उचक्के ने उन्हें अपनी बाइक पर बैठा लिया और खुटार रोड पर कुछ दूर चलने के बाद उसने एक युवक को भी बैठा लिया। फिर सब्जी मंडी को जाने वाली गली के पास उन्हें उतार दिया। उन्होंने देखा तो उनकी जेब से 3600 रुपए गायब थे। उधर, हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम घरधनिया निवासी सैफ अली ने कहा है कि वह दोपहर बाद नगर की नई बाईपास रोड पर मोबाइल से बात कर रहे थे। तभी बाइक सवार उचक्कों ने झपट्टा मार कर मोबाइल छीन लिया।

## त्योहार पर सक्रिय हुए जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** करीब आ रहे दीपावली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापेमारी करनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को जिले भर में अभियान चला कर 12 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को नत्थू कुशवाहा ने गोविंदनगर से पेड़ा, अंदेश नगर से पनीर और रामबाबू ने पलिया बस स्टॉप लखीमपुर से छेना मिठाई, महेवागंज से पेड़े के सैंपल लिए हैं। वहीं रामजी शुक्ला ने हीरालाल धर्मशाला से खोया, सुन्दरवल से छेना मिठाई सहित विपिन कुमार सिंह ने अमीरनगर से पेड़ा, इंद्रराज मौर्य ने अमीरनगर से बर्फी एवं अरविंद कुमार सिंह ने अमीरनगर से बताशा व लौंज मिठाई का सैंपल लिया है। जबकि डॉ. विश्राम ने एसडीएम निघासन के साथ दूध व बेसन का नमूना लेकर 17किलोग्राम मिलावटी लग रहे बेसन को जब्त किया है। उन्होने बताया कि कुल 12 सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही होगी। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि जो शुक्रवार को भेजे सैंपल की रिपोर्ट आने में कम से कम एक माह समय लगेगा, तभी इनकी गुणवत्ता का पता लग सकेगा।




मिठाई एवं नमकीन का सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा निरीक्षक। ● अमृत विचार

## दिवाली पर आर्थिक रोशनी की उम्मीद में घुमा रहे चाक



मिट्टी के दीये बनाता कुम्हार परिवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, भानपुर (लखीमपुर खीरी)

- मिट्टी के दीये की दास्तां, 90 दिन की मेहनत, कमाई मामूली

**अमृत विचारः** मिट्टी के दीया बनने की कहानी जितनी दिलचस्प है, उतनी ही दर्दभरी है इसे बनाने वालों की दास्तां। 90 दिन की मेहनत लगती है और कमाई मामूली। मिट्टी से बना दीया दीपावली पर सिर्फ रोशनी का प्रतीक ही नहीं है, कई घरों की रोजीरोटी इसकी लौ की चमक पर टिकी है। डेढ़ महीने मेहनत के बाद भी प्रति मजदूर चार हजार रुपये भी हाथ नहीं आते। यानी नब्बे रुपये की दिहाड़ी भी नहीं बनती। भानपुर गांव में कुम्हारों के 20 से 25 परिवार मिट्टी से दीये और अन्य चीजें बनाते हैं।

चलते चाक पर हाथों के हुनर से ये मिट्टी के लोंदे से कई तरह के दीये, करवा, झकरी, गुल्लक और घड़े को मनचाहा आकार देते हैं। इन परिवारों को दिवाली से काफी उम्मीद रहती हैं। वैसे करवाचौथ और अहोई अष्टमी पर भी मिट्टी के बर्तनों की मांग होती है। दीये बनाने में भानपुर की प्रमोद चक्रवर्ती,सुदामा, कमलेश, सरिता, रचना देवी,का परिवार भी जुटा है। उनके अनुसार इसके लिए डेढ़ महीने की तैयारी और मेहनत के बाद दीये बनते हैं। दो सौ फुट मिट्टी (एक छोटा ट्रक) से दीये बनाने के लिए चार सदस्यों का पूरा परिवार लगता है। मिट्टी तैयार करने में 15 से 20 दिन लगते हैं। सबसे पहले मिट्टी को छानना होता है। फिर इसे भिगोया जाता है। इसके लिए अलग टब काम में लाया जाता है। फिर इस मिट्टी के लौंदे बनाकर चाक से दीये और मिट्टी के बर्तन बनाते हैं। चार लोगों का परिवार डेढ़ महीने मेहनत कर 21 हजार रुपये बमुश्किल पाता है। इसमें से लागत निकाल कर प्रति सदस्य मेहनताना चार हजार रुपये भी नहीं पड़ता।

### दीये के कारोबार में कई दिक्कतें

दीये के इस कारोबार के रास्ते में चीनी लड़ियां ही नहीं और भी कई दिक्कते हैं। बारिश आ जाती है तो सारी मेहनत और माल बेकार हो जाता है। कई बार कुत्ते और आवारा पशु भी सूखने के लिए रखे कच्चे दीयों को तोड़ जाते हैं। इतना ही नहीं जब दीयों और मिट्टी के बर्तनों को पकने के लिए भट्ठी लगाई जाती है ध्यान रखा जाता है भट्ठी तीन दिन तक जलती रहे तब जाकर बर्तन ठीक से पकते हैं।

## खून की कमी से जूझ रहा ब्लड बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पिछले कुछ माह से खून की कमी से जूझ रहा है। इसकी क्षमता 500 यूनिट की है। इसके सापेक्ष मात्र 114 यूनिट खून ही उपलब्ध है। इससे जिला अस्पताल से लेकर अन्य अस्पतालों के मरीजों को रक्त के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। स्थित यह है कि डोनर होने के बावजूद तीमारदारों को जरूरत वाले ग्रुप का खून लेने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में परिजन मरीज की जान बचाने के लिए जानने वालों के सामने हाथ फैलाते नजर आते हैं।

जिला अस्पताल में जिले में एक मात्र सरकारी ब्लड बैंक है। यहां से जिला अस्पताल से लेकर निजी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को खून मुहैया कराया जाता है। मगर, पिछले कुछ माह से जिला अस्पताल का ब्लड बैंक ब्लड की मांग पूरी नहीं कर पा रहा है। ब्लड बैंक में मौजूद 114 यूनिट रक्त में कुछ ग्रुप ऐसे हैं, जिनके पॉजिटिव और निगेटिव ग्रुप के मात्र एक से दो यूनिट ही मौजूद है। कई बार तो हालत यह तक हो जाती है कि बी पॉजिटिव ग्रुप तक के लिए तीमारदारों को घंटों इंतजार तक करना पड़ जाता है।

- मात्र 11 यूनिट ही बचा है एबी पॉजिटिव व निगेटिव ग्रुप का ब्लड

### रक्तदान के लिए जागरूक नहीं हैं लोग

रक्तदान को लेकर लोगों में जागरुकता का अभाव है। कुछ लोग ही रक्तदान का साहस दिखा रहे हैं। जबकि रक्तदान जीवनदान के सामान है। जरूरत पडऩे पर रक्त मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। मगर, ज्यादा लोगों के रक्तदान करने में रुचि न ले रहे हैं। यही वजह है कि जिला अस्पताल का ब्लड बैंक रक्त की कमी से जूझ रहा है।

### गिनती का है निगेटिव ग्रुप का खून

ब्लड बैंक में निगेटिव ग्रुप का मात्र 11 यूनिट रक्त मौजूद हैं। ऐसे में निगेटिव ग्रुप वाले मरीजों को जरूरत पडऩे पर रक्त की पूर्ति करने के लिए परेशान होना पड़ता है। हालांकि निगेटिव ग्रुप के डोनरों की संख्या भी बेहद कम है।

### प्रतिमाह करीब 300 यूनिट की है खपत

ब्लड बैंक से हर माह 300 के आस पास मरीजों को खून की जरूरत पड़ने पर ब्लड मुहैया कराया जाता है। जबकि डोनरों की संख्या इससे भी कम है। हालाकि शहर के युवा समाजसेवी जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर खून उपलब्ध कराते रहते हैं।

### ब्लड बैंक में मौजूद रक्त

| ग्रुप | पॉजिटिव | निगेटिव |
|---|---|---|
| एक | 19 | 02 |
| बी | 02 | 04 |
| एबी | 08 | 03 |
| ओ | 74 | 02 |

> बी ग्रुप के पॉजिटिव एवं निगेटिव खून की कमी जरूर बनी हुई है, लेकिन खत्म नहीं है। हर ग्रुप का ब्लड का उपलब्ध है। ब्लड बैंक आने वाले हर तीमारदार को रक्त मुहैया कराया जा रहा है।– **डॉ.संतोष मिश्रा**, ब्लड बैंक प्रभारी जिला अस्पताल




जिला अस्पताल का ब्लड बैंक।

## धूमधाम से निकाली राम वन गमन यात्रा

**अमरिया।** श्रीराम लीला मेले में शुक्रवार को शाम के समय राम वन गमन यात्रा निकाली गई। कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान दिखाया गया कि राजा दशरथ की रानी कैकई दासी मंथरा के कहने पर राजा दशरथ से दो वरदान मांगती है। पहला वरदान राम को 14 वर्ष का वनवास और दूसरा भरत को राजगद्दी राजा दशरथ अपने दिए गए वचन पर कैकई को दोनों वरदान दे देते हैं। इसके बाद पिता के आदेश पर राम 14 वर्ष के लिए वन को निकल जाते हैं। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां आकर्षक ढंग से सजाई गई। शोभायात्रा के साथ मेला कमेटी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी गौतम, नेमचंद सागर, जानकी प्रसाद सागर आदि मौजूद रहे।

## हनुमानगढ़ी के नागेंद्र ने मुन्ना को पछाड़ा



दंगल में दमखम दिखाते पहलवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

- श्रीरामलीला मेले में दंगल जारी, पहवानों ने खूब लड़ाए दावपेंच

**अमृत विचारः** श्री रामलीला मेले में चल रहे विराट दंगल में शुक्रवार को चौथे दिन बाहरी पहलवानों का दबदबा रहा। विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया गया।

पहली कुश्ती अयोध्या हनुमानगढ़ी के पहलवान नागेंद्र दास और गोरखपुर के मुन्ना पहलवान के बीच हुई। जिसमें नागेंद्र दास पहलवान ने मुन्ना पहलवान को पछाड़ जीत हासिल की। दूसरी कुश्ती का मुकाबला कलियर शरीफ के फैसल गनी और राजस्थान के संदीप पहलवान के बीच हुआ। पांच मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में फैसल गनी ने संदीप पहलवान को चित कर दिया। तीसरा मुकाबला नेपाल के थापा पहलवान व अजमेर के अजमेरी बाबा पहलवान के बीच हुआ। ये मुकाबला 15 मिनट तक चला, जिसमें अजमेरी बाबा पहलवान ने शंकर थापा पहलवान को पटखनी मारकर बाज़ी जीत ली। इस मौके पर मेला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, कमल कुमार गुप्ता, मुंशीलाल सागर, सुरेश कुमार गुप्ता, गौतम, लेखराज भारती, शिव शंकर, रोहित कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी आदि मौजूद रहे। दंगल में रेफरी की भूमिका सेवा सिंह ने निभाई। इस दौरान भारी भीड़ मौजूद रही।














पर्यावरण मित्र समूह के सम्मानित सदस्यों के साथ पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, विधायक विनोद शंकर अवस्थी।

# सइयां मिले लरिकइयां मैं का करूं

## दशहरा मेला के सांस्कृतिक मंच पर अवध संध्या का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** दशहरा मेला के सांस्कृतिक मंच पर बृहस्पतिवार रात अवध संध्या में अवधी गायिका संजोली पांडे ने लोकगीतों के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोग उनके गीतों पर झूमते रहे।

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय अवधी समाज एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मुख्य अतिथि धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, पालिका परिषद एवं भारतीय अवधी समाज अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, सदर ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह एवं पीके गुप्ता ने आरंभ किया। इस अवसर पर लोक गायिका संजोली पांडेय को भारतीय अवधी समाज लखीमपुर ने अवध रत्न से सम्मानित किया। इसके बाद शुरू हुई गीतों की श्रृंखला में संजोली पांडे ने रेलिया बैरन



संजोली पांडे के गीत पर नृत्य करतीं कलाकार। ● अमृत विचार

● **लोक गायिका संजोली पांडे ने अवधी गीतों से बांधा समां**

पिया को लिए जाय रे..., सइंया मिले लरिकइयां मैं का करूं . . .जैसे कई प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां बटोरी। गीत संगीत का दौरान रात भर चलता रहा। श्वेता शर्मा, बजरंग शर्मा ने पर्यावरण मित्र समूह के सदस्यों और भारत विकास परिषद की अध्यक्ष को सम्मानित किया।

इस मौके पर भारतीय अवधी समाज के जिला महासचिव प्रदीप कुमार गुप्ता के साथ संयोजक मंडल के सदस्य एवं मेलाध्यक्ष मनोज राज, श्वेता शर्मा, पिंकी देवी, मेलाधिकारी इंजीनियर अमरदीप मौर्या, मुरारी लाल सूर्यवंशी, रवींद्र रावत, सभासद बजरंग शर्मा, दीपक रस्तोगी, अनूप कुमार शुक्ला, शिव किशोर अवस्थी, विनोद गौतम, अनूप श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रहलाद सिंह, अमित सोनी आदि सहित तमाम दर्शक मौजूद रहे।

## बुड्ढा बाबा के जन्मदिन लोगों ने छका लंगर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** मोहम्मदी के लखहा गुरुद्वारा में श्री संत बाबा गुरुनाम सिंह की अगुवाई में बुड्ढा बाबा का 418वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान भंडारे में श्रद्धालुओं ने लंगर छका।

लखहा गुरुदारा में बुड्ढा बाबा के जन्मदिन पर शब कीर्तन का आयोजन किया गया। जत्थेदारों ने प्रवचनों से संगत को निहाल कर दिया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्धारे में मत्था टेका।

इस दौरान गुरुद्धारे में आयोजित लंगर में श्रद्धालुओं ने चना, पनीर की सब्जी, रोटी, चावल, जलेबी, चाय, पकौड़ी, मिठाइयां छकीं। सेवादार बाबा गुरूजीत सिंह, डॉ करतार सिंह, डॉ लखवीर सिंह, मंजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोष्ठी में दी शिक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी



कार्यशाला में मौजूद शिक्षिकाएं और गांव की महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ब्लॉक नकहा परिसर में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सदस्य एवं सचिवों की एक दिवसीय गोष्ठी में मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता रहे।

बीईओ हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव ने डीबीटी, निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालय प्रबंध समिति, बालिका शिक्षा , आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय लाने सहित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मूल धारा से जोड़ने आदि के बारे में जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष संदीप मौर्य ने बच्चों को स्कूल में समय से भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय चहमलपुर एवं नकहा का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षक, सचिव, शिक्षामित्र आदि मौजूद रहे।

## रुद्राभिषेक व भंडारा के साथ शिव महापुराण कथा को विश्राम



जंगबहादुरगंज में श्री शिवमहापुराण कथा में रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** श्री आदि गुरु वैदिक सेवा समिति के तत्वावधान में जंगबहादुरगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का रुद्राभिषेक, सहस्रार्चन व भंडारा के साथ समापन हुआ। कथा व्यास शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज, आचार्य सत्यम शर्मा, आचार्य कार्तिकेय द्विवेदी, आचार्य सत्येंद्र शुक्ला व आचार्य अमित अवस्थी ने रुद्राभिषेक कराया।

कथा में उन्होंने कहा कि शिव की भक्ति करने से विधि का विधान भी बदल जाता है। शिव परम् ज्योति स्वरूप ही ईश्वर हैं। सूत जी महाराज ने कहा हे ऋषियों उन परमपूज्य नारायण के जीवन में जो कृपा प्राप्त हुई वह शिव की कृपा से है। उन्हें संसार के पालन करने का गौरव प्राप्त हुआ। कभी किसी के भोजन की निंदा मत करना। भोजन को व्यर्थ नहीं छोड़ना चाहिए। आजकल शादियों में भोजन की अत्यधिक बर्बादी होती है, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## वैदिक गणित एवं संस्कृति महोत्सव के विजेताओं का सम्मान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर में वैदिक गणित एवं संस्कृति महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित किया।

वैदिक गणित प्रश्न मंच में अवी वर्मा, अमितोष मिश्रा एवं मेधांश बाजपेई की टीम प्रथम और अक्षत शुक्ला ने गणित प्रयोग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सांस्कृतिक प्रश्न मंच में गोविंद मिश्रा, आर्या एवं कीर्ति कश्यप की टीम प्रथम रही। शिवेंद्र बाजपेई ने कथा-कथन में प्रथम और शिक्षिका पूजा मिश्रा ने सांस्कृतिक पत्र वाचन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंध समिति के पदाधकारियों ने विजेताओं को उज्जैन में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता नाम रोशन करने के लिए हौसालफजाई की। सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई, प्रबंधक रवि भूषण साहनी, प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त शुक्ल, हीरा सिंह, शिक्षक हेमनाथ सिंह सहित समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## विधायक ने शुरू की अजबापुर चीनी मिल में पेराई

**पसगवां, अमृत विचारः** विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को अजबापुर चीनी मिल में पेराई सत्र आरंभ किया। सबसे पहली बैलगाड़ी से गन्ना लाने वाले ग्राम बहिरमा के कृषक रामरूप और सबसे पहले ट्रैक्टर ट्राली लाने वाले मकसूदपुर के किसान ओमप्रकाश को सम्मानित किया गया। बाह्य क्रय केन्द्र बरवर प्रथम से गन्ना लेकर आये ट्रक चालक को भी सम्मानित किया। विनाश चन्द्र तिवारी, गजेन्द्र कुमार, नन्दलाल, डीसीएम श्रीराम समूह में शुगर बिजनेस के सीईओ रोशन लाल टामक, आशुतोष त्रिपाठी, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



अजबापुर चीनी मिल में पहली बैलगाड़ी का पूजन करते विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह।

## मिठाई और ड्राई फ्रूट संग प्रियजनों को भेंट कर सकेंगे हस्तशिल्प उत्पाद के यूनिक गिफ्ट

# थारू जनजाति के ओडीओपी उत्पाद दिवाली बनाएंगे खास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- डीएम की पहल पर थारू महिलाओं ने तैयार किए हस्तशिल्प उत्पाद
- डीएम ने खरीदा प्रोडक्ट, अपने निजी खाते से 27 हजार का चेक दिया

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर थारू जनजाति की महिलाओं के हस्तशिल्प उत्पाद प्रदेशवासियों की दीपावली को खास बनाएंगे। दूसरी ओर थारू जनजाति की भी दीवाली खुशियों और उमंग से रौशन हो उठेगी। यह उत्पाद उनके हुनर की जादूगरी से परिचित कराने के साथ उन्हे प्रोत्साहित करने की दिशा में सार्थक प्रयास है। रोशनी और उमंग के त्यौहार दिवाली को थारू हस्तशिल्प के शुभ-लाभ प्रोडक्ट से और ख़ास बना देंगे।

थारू महिलाओं की कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस अनूठे हस्तशिल्प उत्पाद की न केवल लांचिंग की, बल्कि पार्वती स्वयं सहायता समूह से उत्पादों को खरीदा और उन्हें अपने निजी खाते से 27 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चंदन चौकी यूके सिंह मौजूद रहे।



शुभ लाभ प्रोडक्ट लांच करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

### एक जनपद, एक उत्पाद का दर्जा प्राप्त है थारू प्रोडक्ट को

दुधवा नेशनल पार्क के निकट थारू जनजाति निवास करती है। यह अपनी ऐतिहासिक व पारंपरिक धरोहर, अपने अद्वितीय परिधान व हस्तशिल्प कौशल की विशेषताओं से देश-विदेश में जानी पहचानी जाती है। जनजातीय महिलाओं के थारू परंपराओं से संबंधित हस्तशिल्प कला उद्योग को एक जनपद एक उत्पाद का दर्जा प्राप्त है।



दिवाली उत्पाद बनातीं थारू महिलाएं। ● अमृत विचार

### ऑर्डर देने के लिए इन नंबरों पर करें कॉल

डीएम की पहल पर यह हस्तशिल्प उत्पाद पार्वती प्रेरणा स्वयं सहायता समूह ग्राम घुसकिया, चंदन चौकी द्वारा तैयार किए गए हैं। अपने प्रियजनों को इस यूनिक गिफ्ट को उपहार में देने के लिए समूह सचिव शिवकुमारी के मोबाइल नंबर 8765644636 और समूह कोषाध्यक्ष पार्वती के मोबाइल 9453959467 पर आर्डर कर सकते हैं।

## 20 दिन पहले चोरी हुई ट्राली की रिपोर्ट अब दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरा निवासी सत्येंद्र प्रकाश मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने 20 दिन पूर्व ट्राली बनवाने के लिए गोला के राजेंद्र नगर में सलीम पुत्र अलीहसन के यहां खड़ी की थी।

पेंट कराने के बाद उसने धुलाई कराने के लिए अर्जुन नगर कॉलोनी के पास इश्तियाक के यहां ट्राली खड़ी कर दी। जब वह ट्राली लेने गया तो ट्राली नहीं मिली। पता किया तो बताया गया कि उसकी ट्रॉली चोरी हो गई है। तब से वह रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली के चक्कर लगा रहा था। पुलिस ने अब 20 दिन बाद ट्राली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### समझौता करने के लिए 30 हजार मांगने का लगाया आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली पलिया कलां क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव अतरिया के प्रधानपति ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर 30 हजार की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में प्रधानपति ने बताया कि गांव के अख्तर अली ने फर्जी शिकायत कर दी और अब इस पर समझौता करने के लिए पैसे मांग रहा है। प्रधानपति का कहना है कि अख्तर ने मनरेगा में मजदूरी की थी, जिसका भुगतान उसके खाते में भेजा जा चुका है। मगर, उसने फर्जी शिकायत कर प्रधान पर पैसे निकाल कर हड़पने का आरोप लगाया है।

### 22 नामजद में से 10 आरोपी गिरफ्तार

**अमीरनगर:** पुलिस चौकी अमीरनगर द्वारा प्रतिबंधित गौवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में नामजद 22 आरोपियों में से शुक्रवार को दस का चालान भेजा गया। पुलिस चौकी प्रभारी अमीरनगर सतीश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि 24 अक्टूबर को गौ वध अधिनियम में 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी, जिसमें से 10 लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया है और 12 की तलाश जारी है।

# कान्हा गोशाला निर्माण में गोलमाल की जांच करने पहुंचे एसडीएम

## गोशाला के निरीक्षण में मिलीं खामियां, निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर जांच को लैब में भेजा


संवाददाता, निघासन

- निघासन में 1.82 करोड़ की लागत से बन रही कान्हा गोशाला
- घटिया सामग्री से निर्माण कराने को लेकर नाराज हैं सभासद

**अमृत विचार:** कान्हा गोशाला के निर्माण में घपलेबाजी की जांच करने एसडीएम राजीव निगम गुरुवार की रात मौके पर पहुंचे। उन्होंने दीवार से ईंट उठाकर निर्माण सामग्री की जांच की। निर्माण सामग्री आदि के सैंपल लिए। कहा कि निर्माण सामग्री का लैब से टेस्टिंग कराकर साक्ष्य में शामिल किया जाएगा। रात्रि में एसडीएम की जांच से नगर पंचायत प्रशासन में अफरातफरी का माहौल देखा गया।

नगर पंचायत निघासन के पटेल नगर वार्ड में एक करोड़ 82 लाख की लागत से बन रही कान्हा गोशाला में घटिया निर्माण सामग्री और पीला ईंट का प्रयोग किया जा रहा है, जिसका सभासदों ने विरोध किया है। पिछले दिनों सभासद राम श्री के पति अमित कुमार भार्गव ने ईंट को मामूली चोट दी तो वह भूसे की तरह बिखर गई।

उन्होंने इसका वीडियो वायरल किया तो नगर पंचायत की करतूत सामने आ गई। अमृत विचार ने गुरुवार को इस वीडियो पर ईओ और चेयरमैन से भी बात की। साथ ही 25 अक्टूबर को कान्हा गोशाला के निर्माण में किया जा रहा गोलमाल शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। उधर, मामला चर्चा में आने पर एसडीएम राजीव निगम गोशाला में औचक निरीक्षण करने गुरुवार की देर रात पहुंचे। एसडीएम ने बनाई गई दीवार की ईंट उठाकर देखी तो सच्चाई सामने आ गई। एसडीएम ने अनियमितता को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण सामग्री के सैंपल को लैब भेजा है। लोगों ने एसडीएम को बताया कि गोशाला की बाउंड्री वाल की बुनियाद में लगाई गई ईंट अभी से उखड़ रही हैं। मसाले में मौरंग की जगह रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट भी नाम मात्र लगाई जा रही है। एसडीएम ने सख्त कार्रवाई की बात कही है।



गोशाला की दीवार से ईंट उठाकर निर्माण सामग्री की जांच करते एसडीएम।



कान्हा गोशाला के निर्माण में किया जा रहा गोलमाल

सभासद पति ने ईंट तोड़कर दिखाई असलियत, आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

### सभासद बोले, उच्चस्तरीय जांच के साथ सख्त कार्रवाई हो

नगर पंचायत के सभासद मुन्ना खान, बाबूराम, नीलू गिरि, रामश्री, अमित वर्मा, उमेश, दयाशंकर पाल, श्यामसुंदर, गुड्डू, पुष्पेंद्र, असलम ने कहा है कि गोशाला निर्माण में गोलमाल किया जा रहा है। पीला ईंट के इस्तेमाल की बात पहले ही सामने आ गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से हौसले बुलंद हुए। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बाद भी गोशाला निर्माण जैसे पुनीत कार्य में भी घपलेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की उच्चस्तरीय जांच के साथ कार्रवाई हो और दोषियों को सजा मिले।

### डीएम ने ईओ-जेई का किया जवाब तलब

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कान्हा गोशाला मामले में कथित अनियमिताओं और भ्रष्टाचार का संज्ञान लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता से तीन दिन में जवाब मांगा है। जिला अधिकारी ने कहा है कि अनियमितता मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

> कान्या गोशाला में रात्रि में ही जांच की। जांच के दौरान दो जेई भी शामिल रहे। मसाले व अन्य निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -राजीव निगम, एसडीएम, निघासन



एडीएम को ज्ञापन देते निघासन नगर पंचायत के सभासद। ● अमृत विचार

### सभासदों ने डीएम दफ्तर में एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कान्हा गोशाला निर्माण में मानक विहीन निर्माण सामग्री का प्रयोग करने के मामले में शुक्रवार को कई पंचायत सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की है। निघासन नगर पंचायत सदस्य शिव देवी, रामश्री, बाबूराम, नीलू गिरि, अमित वर्मा, असलम खां आदि ने ज्ञापन में कहा कि नगर पंचायत कान्हा गोशाला का निर्माण करवा रही है। इसमें ठेकेदार मानक विहीन निर्माण सामग्री का उपयोग कर रहा है।बृहस्पतिवार रात एसडीएम ने मौके पर जाकर जांच की तो उनके हाथ लगाते ही ईंट निकलने लगी। सदस्यों ने मनमाने तरीके से कार्य कराने का आरोप लगाया। इसके अलावा वार्ड चंद्रगुप्तनगर में बिना टेंडर दो निर्माण कार्य, उषा इवेंट गार्डन के सामने व्यक्तिगत जमीन पर बिना टेंडर के इंटरलॉक लग रही है, मनमाने तरीके से कर्मचारी रखे गए हैं, वार्डों में पेयजल के लिए डाली गई पाइप लान के विस्तार की गहनता से जांच कराने की मांग की है।

# गांव में विकास के लिए ग्रामीणों ने दिया धरना



देवीपुर में धरना स्थल पर ज्ञापन लेते नायब तहसीलदार सर्वेश यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- विकास कार्य शुरू कराए जाने के आश्वासन पर धरना खत्म

**अमृत विचार:** कुंभी ब्लाक की ग्राम पंचायत ग्रंट लंदनपुर की समस्याओं पर ध्यान न दिए जाने से नाराज तमाम ग्रामीणों ने गांव में ही धरना शुरू कर दिया। नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंच विकास कार्य कराये जाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि दिसंबर तक विकास कार्य न शुरू किए गए तो आंदोलन किया जाएगा।

कुंभी ब्लॉक की ग्राम पंचायत लंदनपुर के मजरा ग्राम देवीपुर में लोग विकास कार्यों की राह देख रहे हैं। इसके लिए पहले ज्ञापन दिया जा चुका है। कोई सुनवाई न होने पर परेशान होकर शुक्रवार को तमाम ग्रामीणों ने गांव में ही धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों द्वारा धरने की सूचना पाते ही प्रशासन हरकत में आ गया। नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव के साथ पंचायत सहायक विकास अधिकारी अवनीश त्रिपाठी, अखिलेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि आलोक जायसवाल मौके पर पहुंचे और अनुपूरक बजट के तहत देवीपुर गांव के विकास कार्य दिसंबर तक शुरू कराने का आश्वासन दिया, जिस पर सभी ग्रामीण सहमत हो गए और धरना खत्म कर दिया। धरने पर महेशचंद्र वर्मा, सतीश वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, घनश्याम वर्मा, तोताराम, विनोद कुमार, बाबूराम गौतम, आजाद वर्मा, शिव कुमार वर्मा, कुलदीप वर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने देखे स्कूल, अव्यवस्थाओं पर भड़कीं



यूपीएस खीरी टाउन में बच्चों से गणित के सवाल हल करातीं डीएम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बच्चों को दूध न मिलने की बात सुनकर एनजीओ पर कार्यवाही के निर्देश
- पांच बेसिक स्कूलों का निरीक्षण कर भोजन से लेकर पढ़ाई के बारे में जाना

**अमृत विचार:** डीएम ने शुक्रवार को पांच स्कूलों का निरीक्षण किया। हर जगह कोई न कोई खामी अवश्य मिली। यह स्थित तब है जब विभागीय अधिकारियों द्वारा निरंतर स्कूलों का औचक निरीक्षण करने का दावा किया जा रहा है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को सबसे पहले संविलियन स्कूल सदर पहुंचीं। गंदगी और घास खड़ी मिलने पर नाराजगी जताई। अधिकारियों को सफाई कराने के साथ घास कटवाने के निर्देश दिए। बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता परखते हुए दिवाली से पहले बच्चों को भोजन की थाली देने के निर्देश देकर बच्चों से दूध और फल मिलने के बाबत पूछा। इस पर बच्चों ने दूध न मिलना बताया। डीएम ने एनजीओ पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए कहा। नौनिहालों को शैक्षिक स्तर जांचकर चॉकलेट वितरित की। इसके बाद डीएम पीएस नौरंगाबाद पहुंचीं।, आंगनबाड़ी वर्कर एवं सहायिका को खेल-खेल में पढ़ाने और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए कहा। स्कूल का बरामदा उबड-खाबड़ मिलने पर कंपोजिट ग्रांट से ठीक कराने के निर्देश देकर बच्चों से भोजन की गुणवत्ता की हकीकत जानी। बच्चों ने दूध न मिलना बताया। पीएस राजापुर में मोटर खराब मिलने पर बीडीओ सदर भी ठीक कराकर पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने के कहा। प्रधानाध्यापिका से निपुण ग्रेडिंग बी होना बताया। इस पर ए ग्रेड लाने के लिए बेहतर काम करने के लिए कहा। यूपीएस राजापुर में बिजली कनेक्शन न होने पर बीईओ ने बताया कि पोर्टल पर आवेदन हो चुका है। पोल की दूरी अधिक होने से बाधा आ रही है।इस पर विद्युत विभाग, बीएसए एवं बीडीओ को कनेक्शन कराने के निर्देश दिए।



बच्चों को अपने सामने तहरी परोसवातीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

### शिक्षिका को दिया 10 दिन का समय

यूपीएस खीरी टाउन के निरीक्षण में डीएम क्लास पहुंची। बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर गणित के जोड़, घटाना, गुणा एवं भाग के सवाल हल कराए। गणित में बच्चों की स्थित बेहतन न मिलने पर डीएम ने संबंधित शिक्षिका को दस दिन का समय देकर पुन: आकर शैक्षिक गुणवत्ता परखने की चेतावनी दी। साथ ही बच्चों से एमडीएम की जानकारी लेकर सोयाबीन की बड़ी का महत्व बताते हुए इसका सेवन करने की सलाह दी। यहां भी बच्चों न दूध न मिलना बताया। उपस्थिति पंजिका से बच्चों की संख्या का सत्यापन कर हाथ साफ कर भोजन करने, उठने के बाद और सोने से पहले ब्रश करने के फायदे बताए।

## दिवाली पर दुकानदार टेंट लगाकर नहीं बेच सकते आतिशबाजी, टीनशेड लगाएं

**निघासन, अमृत विचार:** इस बार दिवाली पर आतिशबाजी की दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को टीन शेड लगाना अनिवार्य होगा, टेंट-तंबू नहीं चलेगा। एसडीएम राजीव निगम ने स्थलीय जांच के दौरान आतिशबाजी के दुकानदारों को यह निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि कोई भी दुकानदार बिना अनुमति दुकान नहीं लगाएगा। दुकानों पर पानी भरी बाल्टी व बालू की बोरी के अलावा अग्निशमन यंत्र होने चाहिए। सभी लोग आबादी से दूर प्रस्तावित स्थानों पर ही दुकानें लगाएं। अधिक पटाखों का स्टॉक घरों व दुकानों में न रखने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की। उधर, रकेहटी की बाजार में लगने वाली दुकानों के स्थान का चयन नहीं हो पाया है। यहां की दुकानों को निघासन में लगाये जाने पर विचार हो रहा है। एसडीएम ने बताया कि सिंगाही कलां में मेला मैदान में, लुधौरी-प्राथमिक विद्यालय में, निघासन- निर्माधीन मंडी समिति भूमि पर, बम्हनपुर-धर्मापुर रोड के किनारे, बेलरायां-लालापुर हरद्वाही सीमा स्तिथ खेल मैदान में, तिकुनियां-पुष्कर राज के प्लाट में, गंगाबेहड़-पृथ्वीपुरवा चौराहा पर, झंडी-साप्ताहिक बाजार में और छेदुई पतिया- बाजार में आतिशबाजी बिक्री का स्थान चयनित किया गया है।

# बोर्ड परीक्षा: 12 नवंबर तक दूर हो सकेंगी गलतियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों को दिया अंतिम मौका
- डीआईओएस ने कार्यालय पर गठित की तीन सदस्यीय टीम

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को नाम आदि में संशोधन का अंतिम मौका दिया है। इसमें छात्र छात्राएं परीक्षा से पहले अपना, माता-पिता का नाम, स्कूल एवं जन्म तिथि आदि में यदि किसी तरह की गड़बड़ी है, तो उसे ठीक करा सकते हैं, जिससे अंकपत्र सह प्रमाणपत्र में कोई त्रुटि न हो।

यूपी बोर्ड 2025 की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के करीब एक लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं। फार्म भरने के समय छात्रों से अपना नाम, जन्मतिथि, माता-पिता का नाम आदि लिखने में गल्तियां हुई है। इनको सुधारने के लिए बोर्ड ने छात्रों को एक अंतिम अवसर दिया है, जिससे अंक पत्र पर छात्रों का समस्त विवरण सही लिखा हो, क्योंकि हर साल मार्कशीट आने पर छात्रों के नाम की स्पेलिंग के साथ माता- पिता का नाम, जन्मतिथि, जेंडर आदि गलत लिख जाता था। इसमें संशोधन कराने के लिए छात्र छात्राओं और अभिभावकों प्रयागराज के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए यूपी बोर्ड ने छात्रों को त्रुटियां में सुधार के लिए 25 अक्तूबर से 12 नवंबर की रात 12 बजे तक का अंतिम अवसर दिया है। छात्रों को संशोधन के लिए कोई मौका नहीं मिलेगा।

### कुछ त्रुटियां प्रधानाचार्य तो कुछ डीआईओएस स्तर से होंगी ठीक

छात्रों की नामावली की आठ त्रुटियां स्कूल स्तर पर सुधारी जा सकेंगी, जबकि तीन त्रुटियां डीआईओएस स्तर से सुधारी जाएंगी। छात्रों के विवरण की जांच में त्रुटि मिलने पर प्रधानाचार्य वेबसाइट पर लॉग इन कर निर्धारित समय में संशोधन कर सकेंगे। जबकि ऑफलाइन माध्यम में छात्रों की जन्मतिथि, छात्र व उसके माता-पिता के नाम में पूर्ण संशोधन के अलावा छात्रों के विवरण को डिलीट एवं रिस्टोर के संशोधन संबंधी प्रकरण के लिए प्रधानाचार्यों को 14 नवंबर तक जरूरी प्रपत्रों के साथ दस्तावेज डीआईओएस कार्यालय पर जमा करने होंगे।

> बोर्ड परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरण की त्रुटियों में सुधार के लिए यूपी बोर्ड ने अंतिम मौका दिया है। इसके लिए बोर्ड की वेबसाइट uppms.edu.in 12 नवंबर की रात 12 बजे तक खुली रहेगी। जो त्रुटियां प्रधानाचार्य स्तर से सहीं नहीं हो सकती हैं उनके लिए एक टीम गठित की है, जो कार्यालय पर उपस्थित रहकर जांच पड़ताल करने के बाद गल्तियों को दूर करेगी।
>
> -डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं पुष्पा उपनाम पुष्पलता पत्नी श्री राम सहाय शुक्ल निवासी मोहल्ला पंचायत वार्ड नं. 1 टाउन व पोस्ट मैलानी जिला लखीमपुर-खीरी उ. प्र. की हूँ। भविष्य में हमें हमारे नाम पुष्पा से ही जाना एवं पहचाना जाये, न कि उपनाम से।

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र सर्वेश राठौर व उसकी पत्नी श्रीमती नेहा राठौर को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मधु राठौर पत्नी श्रीपाल राठौर निवासी मो. शिवनगर कॉलोनी निकट आई.टी.आई. थाना कोतवाली, शहर व जिला पीलीभीत**

**Notice**

In my PAN card number MKCPS 8348P, name Jaspal Singh son of Sarjit Singh and date of birth is 01.01.1998, which is wrong. My correct name is Jaspal Singh son of Ajit Singh and date of birth is 01.01.1972. Jaspal Singh son of Ajit Singh Resident Village Karim ganj, Tehsil Baheri District Bareilly

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र इरशाद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **मुस्तरी पत्नी श्री अख्तर खां निवासी रम्पुरा माफी, भोजीपुरा, तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मो. शकी खां पुत्र मो. शफी खां निवासी ठिरिया निजावत खां तह. व जिला बरेली ने आराजी गाटा संख्या 487, 488 स्थित ग्राम मोहनपुर तह. व जिला बरेली में 2/3 अंश का मुख्त्यारे आम मो. सलीम खां पुत्र मो. शफी खां को दिनांक 7.12.2010 को नियुक्त किया था, जिसे दिनांक 03.01.2019 को निरस्त करा दिया गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डी.एल. में मेरा नाम भूलवश प्रवेन्द्र सिंह कन्नौजिया पुत्र मंगल सिंह कन्नौजिया दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम प्रवेन्द्र सिंह पटेल पुत्र मंगल सिंह पटेल है। आधार कार्ड में भी मेरा यही नाम दर्ज है। **प्रवेन्द्र सिंह पटेल पुत्र मंगल सिंह पटेल निवासी ग्राम बुखारा ब्लाक क्यारा तहसील व जिला बरेली।**

**जमीन बिकाऊ है**
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

